●वर्ष : 16 ●अंक : 195 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

मंगलवार 05 नवम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेशः दीपावली पर गौतमबुद्ध नगर के लोगों ने गटक ली 25 करोड़ रुपये की शराब



नूना न्यूज एजेंसी

**गौतमबुद्ध।** दीपावली के जश्न के बीच गौतमबुद्ध नगर जिले के लोग शराब के नशे में भी खूब झूमे और इस दौरान 25 करोड़ रुपये की शराब गटक गए जो कि पिछले साल की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पूरे अक्टूबर माह में जिले के लोगों ने 250 करोड़ रुपये शराब पर खर्च किए जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 204 करोड़ रुपये था। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दीपावली पर 29 अक्टूबर से लेकर एक नवंबर के बीच 25 करोड रुपये की अंग्रेजी, देसी शराब तथा बियर की बिक्री हुई है जबकि पिछले वर्ष दीपावली की अवधि में 18 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष अक्टूबर में 204 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी जबकि इस वर्ष 250 करोड़ रुपये की बिकी है। श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शराब की करीब 564 दुकानें हैं, जिनमें विदेशी शराब, देसी शराब, मॉडल दुकान और बीयर की दुकान शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की बढ़ी मुश्किलें, मैसूर लोकायुक्त पुलिस ने भेजा नोटिस

**कर्नाटक।** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सोमवार को लोकायुक्त पुलिस से मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन मामले में चल रही जांच से जुड़ी जांच के लिए 6 नवंबर को पेश होने के लिए समन मिला। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। यह समन हाल ही में मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू सहित मामले से जुड़े कई अधिकारियों से पूछताछ के बाद आया है। विवाद मुडा योजना पर केंद्रित है जिसके तहत विकसित भूमि का 50 प्रतिशत उन व्यक्तियों को आवंटित किया गया था जिन्होंने आवासीय परियोजनाओं के लिए अविकसित भूमि छोड़ दी थी। सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रक्रिया में अनियमितताएं शामिल थीं जिसके परिणामस्वरूप राज्य को काफी वित्तीय नुकसान हुआ। इसमें शामिल लोगों में सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती भी शामिल हैं, जिन्हें लोकायुक्त पुलिस ने 25 अक्टूबर को तलब किया था। वहीं, मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के अध्यक्ष के अपने पद से इस्तीफा देने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग की।

# केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में टला उपचुनाव!

## अब 13 नवंबर नहीं, 20 तारीख को डाले जाएंगे वोट

नूना न्यूज एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत में त्योहारी सीजन के बीच, चुनाव आयोग ने सोमवार को केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के पुनर्निर्धारण की घोषणा की। मूल रूप से 13 नवंबर के लिए निर्धारित चुनाव को 20 नवंबर को स्थानांतरित कर दिया गया है। यह बदलाव कांग्रेस, भाजपा, बसपा और रालोद सहित प्रमुख राजनीतिक दलों की अपील के बाद आया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रीय त्योहारों के कारण संभावित कम मतदान से बचना है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों की तारीख त्योहारों के कारण 13 नवंबर से बढ़ाकर 20 नवंबर की। इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीट में से नौ सीट पर होने वाले उपचुनाव की घोषणा की थी। यूपी में कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिजार्पुर की मझवां, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट सीट शामिल है। हालांकि अदालत में मामला लंबित होने के कारण अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर मतदान नहीं होगा। पंजाब में चार विधानसभा सीटों - डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा और बरनाला - के लिए उपचुनाव 13 नवंबर को होने थे। महाराष्ट्र में सभी 288 विधानसभा सीट के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा तथा मतगणना 23 नवंबर को होगी। वहीं, झारखंड में विधानसभा चुनाव के तहत दो चरणों में क्रमशः 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

# मुंबई में फिर से उभरने की कोशिश में राज ठाकरे की एमएनएस

## उम्मीदवारों के चयन में खेला बड़ा दांव

नूना न्यूज एजेंसी

**महाराष्ट्र।** नवनिर्माण सेना (मनसे) मुंबई विधानसभा चुनाव में 36 में से 25 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अक्टूबर 2019 के बाद से यह शहर में पार्टी का पहला चुनाव है। एमएनएस ने पिछले दो दशकों में सीटों में गिरावट देखी है। पार्टी ने 2009 में 13 सीटें जीतीं लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में केवल एक सीट हासिल की। पार्टी को उम्मीद है कि इस चुनाव का उपयोग वह अपना आधार फिर से बनाने और आगामी बीएमसी चुनावों की तैयारी के लिए करेगी। मनसे कई सीटों पर महायुति गठबंधन भाजपा और शिवसेना के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है। हाल के वर्षों में पार्टी ने अपना ध्यान केंद्रित किया है। प्रारंभ में, इसने मुंबई के श्रमिक वर्ग की वकालत की। अब वह मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल जैसे मुद्दों पर अभियान चला रही है। मनसे पदाधिकारी नितिन सरदेसाई ने कहा कि हमने योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया है और उन सीटों पर लड़ रहे हैं जहां हमारी ताकत है। कोई पैटर्न नहीं है। हमने इस पर विचार नहीं किया है कि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार कौन है, अगर वह शिवसेना, भाजपा या कांग्रेस या राकांपा से है। एमएनएस का मुकाबला 12 सीटों पर शिवसेना और 10 सीटों पर बीजेपी से है। हालाँकि, पार्टी ने सात वरिष्ठ भाजपा नेताओं के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है। यह भाजपा के दो पूर्व सदस्यों के खिलाफ भी चुनाव नहीं लड़ रही है जो शिवसेना में शामिल हो गए थे। सेवरी में, महायुति गठबंधन ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिससे एमएनएस को महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के खिलाफ सीधी टक्कर मिल रही है। अन्य सीटों पर, मनसे का जोरदार प्रचार दो मुख्य गठबंधनों के बीच वोटों को विभाजित कर सकता है। यह वर्ली और माहिम में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां क्रमशः आदित्य ठाकरे और अमित ठाकरे तीन-तरफा मुकाबले में एमएनएस



उम्मीदवारों का सामना कर रहे हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि एमएनएस शिवसेना के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। दोनों पार्टियां समान हिंदुत्व और मराठी गौरव संदेशों के साथ मतदाताओं से अपील कर रही हैं, जिससे वोट बंटने की संभावना है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ

मौजूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा। लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान ह्यकटोगे तो बंटोगेह्न का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# झारखंड से चुनावी दौरे का आगाज करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### ›› तीसरी जनसभा में चार प्रत्याशियों के लिए मांगेंगे वोट

सीएम योगी की तीसरी जनसभा आमबागान ग्राउंड जमशेदपुर में होगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, जमेशदपुर पश्चिमी से प्रत्याशी सरयू रॉय, पोटका से उम्मीदवार मीरा मुंडा और जुगसलाई से उम्मीदवार रामचंद्र सहिस के पक्ष में वोट मांगकर कमल पर बटन दबाने की अपील करेंगे।



नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। सीएम योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी। वे यहां तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। तीसरी जनसभा में सीएम योगी चार प्रत्याशियों के लिए एक साथ वोट मांगेंगे।

### सीएम योगी की कोडरमा में होगी पहली जनसभा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा मंगलवार को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा उम्मीदवार डॉ. नीरा यादव के पक्ष में सीएम योगी चंद्रावती स्कूल ग्राउंड, डोमचांच में वोट मांगेंगे। सीएम योगी की दूसरी जनसभा बरकागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार के लिए होगी। भाजपा ने यहां से रोशन लाल चौधरी को टिकट दिया है।

# झारखंड के रण में पीएम मोदी, विपक्ष पर किया बड़ा वार

## निशाने पर हेमंत सोरेन सरकार

नूना न्यूज एजेंसी

**झारखंड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के चाईबासा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। चाईबासा में अपनी सार्वजनिक रैली के दौरान झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन और अन्य भाजपा नेताओं ने मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की ये भूमि, जनजातीय गौरव, जनजा?तीय मान-मयार्दा की साक्षी रही है। ये माटी उस आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है, जिसने भारत की आजादी, भारत की संस्कृति और विरासत की रक्षा की है। इस धरा ने भगवान बिरसा मुंडा, चांद भैरव, तिलका मांझी, नीलाम्बर-पीताम्बर, सिदो-कान्हू जैसे अनगिनत वीरों को जन्म दिया है। मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि कैसे कोल्हान ने अत्याचारी अंग्रेजी सेना को टक्कर दी थी, आज फिर कोल्हान ने जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा



है। जो सालों साल नहीं हुआ वो इस साल होने जा रहा है। इस चाईबासा की विशाल रैली का संदेश भी यही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए, आदिवासी भाई-बहनों की आकांक्षा, उनका स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब पहली बार भाजपा सरकार बनी और दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी जी को सेवा करने का अवसर मिला, तब जाकर आदिवासी समाज को अलग राज्य मिले। छत्तीसगढ़ और झारखंड ये दो राज्य बनाने का सौभाग्य भाजपा को ही मिला है। उन्होंने कहा कि 80 के दशक में जब बिहार और दिल्ली दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी, झारखंड तब अलग नहीं हुआ था, ये बिहार का हिस्सा था। तब क्या हुआ था। अपने माता-पिता, दादा-दादी से पूछिए, उनको गुआ गोली कांड जरूर याद होगा। जिस तरह की बर्बरता अंग्रेजों ने की थी, वैसी ही बर्बरता यहां कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों का खून बहा कर की थी। विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि यहां कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था। हमारे वो आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे, वो अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे। उस समय आरजेडी के नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। आपके सपनों से इतनी नफरत है इन लोगों को। जो आरजेडी, झारखंड बनाने को सहमत नहीं था, आज जेएमएम उस आरजेडी की गोद में बैठ गई है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए आदिवासी समाज का विकास की मुख्यधारा से जुड़ना बहुत जरूरी है।ये आदिवासी समाज की उचित भागीदारी के बिना संभव नहीं है, इसलिए भाजपा ने आदिवासी भागीदारी पर हमेशा बल दिया है।

# बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव के प्रति व्यक्त किया आभार

नूना न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार की सीएम हेल्पलाइन (1076) प्रदेशवासियों की समस्याओं के निस्तारण में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनीटरिंग का नतीजा है कि कई मामलों में सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्रदेशवासियों की समस्याओं का निस्तारण कुछ ही घंटों में किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी के इंदिरानगर के एक बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण में देखा भी गया, जिनकी समस्या का निस्तारण कुछ ही घंटों में कर दिया गया। इतना ही नहीं बुजुर्ग की समस्या के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव ने संज्ञान लिया तो संडे को बैंक खोलकर बैंक अधिकारियों मामले का निपटारा किया और अकाउंट से पैसे निकालकर दिये जबकि इसके लिए बुजुर्ग काफी दिनों से बैंक



के चक्कर लगा रहे थे।

### ›› छोटे से काम के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे बुजुर्ग सोहनलाल

राजधानी के इंदिरानगर स्थित कैलाशपुरी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पिता सोहनलाल और माता राजेश्वरी का एक बैंक में ज्वाइंट अकाउंट था। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले इलाज के दौरान उनकी माता का देहांत हो गया। मुकेश ने बताया कि पिता सोहनलाल को पैसे की जरूरत थी। इस पर वह बैंक गये और पत्नी के देहांत की सूचना के साथ पैसे निकालने के लिए चेक दी। वहीं बैंक अधिकारियों ने ज्वाइंट अकाउंट से पैसे न निकलने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी का देहांत हो गया है, ऐसे में उन्हे कुछ कागजी कार्रवाई करनी होगी, इसके बाद ही ज्वाइंट अकाउंट से पैसे निकल पाएंगे। बुजुर्ग सोहनलाल ने बताया कि बैंक अधिकारियों द्वारा जो भी कागजी कार्रवाई बतायी गयी, उसे पूरा किया गया। इसके बाद भी पैसे नहीं निकल सके। उन्होंने वजह पूछी तो अधिकारियों ने बताया कि प्रोसेस में समय लग रहा है। इसके बाद सोहनलाल लगातार कई दिनों तक बैंक के चक्कर लगाते रहे, लेकिन पैसे नहीं मिले। इससे परेशान होकर बुजुर्ग ने 26 अक्टूबर शाम को सीएम हेल्पलाइन (1076) पर अपनी समस्या बतायी। साथ ही पैसे की जरूरत की बात कही। इस पर सीएम हेल्पलाइन के अधिकारियों ने उनकी समस्या के जल्द निस्तारण की बात कही।

### ›› मुख्य सचिव के निर्देश पर रविवार को बैंक खोलकर बुजुर्ग को दिये पैसे

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर सोहनलाल की समस्या के बारे में बताया। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बैंक के जीएम और मैनेजर से संपर्क कर तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद बैंक अधिकारियों ने सोहनलाल की समस्या का कुछ ही घंटों में निस्तारण कर दिया, जबकि इसके लिए वह काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे। इतना ही नहीं मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर बैंक अधिकारियों ने रविवार को बैंक खोलकर सोहनलाल को पैसे दिये। इस पर सोहनलाल और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने योगी सरकार की सीएम हेल्पलाइन की तारीफ कर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# हाथरस में आग लगने से बस जलकर खाक, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



नूना न्यूज एजेंसी

**हाथरस।** जिले की सादाबाद कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर गांव मिढावली के पास रविवार को एक निजी बस मेंअचानक आग लग गयी। बस दिल्ली के वजीराबाद से बिहार जा रही थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सादाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) हिमांशु माथुर ने बताया कि बस में सवार किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि बस में कितने यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक, आग बस की छत पर रखे सामान से लगी और कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

## सार संक्षेप

### गिरफ्तारी का डर दिखा कर आर्मी रिटायर्ड कर्मचारी से 4 लाख की धोखाधड़ी

**यमुनानगर :** आर्मी के रिटायर्ड कर्मचारी से केस का डर दिखाना करीब चार लाख रुपए की ठगी कर ली। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर साइबर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खुंडेवाला निवासी जगतार सिंह ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आर्मी से रिटायर्ड है। 8 अक्तूबर को उसके मोबाइल पर फोन आया और कहा कि उसके फोन पर एक ओर नम्बर एक्टिव है, जिस पर दिल्ली में केस दर्ज हुआ है, जिन्होंने क्राईम थाना कहकर किसी व्यक्ति से बात करवाई और कहा कि वह उसके घर पर उसे गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई को भेज रहे हैं। आप ने लोगों ने अशखेल फोटो भेज कर फंसा रखा है। आरोपियों ने उसे अपने जाल में फंसा लिया और उन्होंने अकाउंट नम्बर दिया, जिसमें 4 लाख रुपए की आरटीजीएस कर दी। उसके बाद आरोपियों ने उसका फोन उठाना बन्द कर दिया और वह समझ गया कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसकी सूचना साईबर पुलिस को दी गई। साईबर पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। साईबर थाना प्रभारी रविकांत का कहना है कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। केस दर्ज कर लिया गया है।

### दो युवक दो अवैध पिस्तौल व 6 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार

**सिरसा :** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों से दो युवकों को काबू कर उनके कब्जे से दो अवैध पिस्तौल व 6 जिंदा कारतूस बरामद किए है। सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान जे जे कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान सुमित कुमार उर्फ विक्की पुत्र विजय कुमार निवासी चतरगढ़पट्टी सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वहीं एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग थाना क्षेत्र के गांव भावदीन क्षेत्र में मौजूद थी। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी भावदीन रंगोली नाला की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर नाम पूछा तो उसने अपना नाम कुलविंद्र चंद पुत्र तिलक राज निवासी गांव भावदीन बताया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ संबंधित थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### दीपावली पर घर में पटाखा फैंकने को लेकर विवाद

**यमुनानगर :** दिवाली पर घर में पटाखा फैंकने को लेकर विवाद में युवक व उसकी भाभी और भतीजीयों पर हमला कर दिया गया। हमला पड़ोस के ही संदीप, मोनू व उसके स्वजन ने किया। बाल्टी से युवक के माथे पर वार कर गंभीर घायल कर दिया। उसका पीजीआइ सैक्टर 12 चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है। उत्तर प्रदेश के जिला देवरिया के मुहल्ला चकियावान निवासी दीपू कुशवाहा ने बताया कि वह भाभी व उसके बच्चों के पास आया हुआ था। तभी एक पटाखा घर के अंदर फूटा। आरोप है कि घर के सामने रहने वाले संदीप कुमार व मोनू पटाखे जला रहे थे। जब भाभी कमला ने विरोध किया तभी संदीप ने लोहे की बाल्टी से भाभी पर हमला कर दिया। बीच बचाव में आया तो आरोपित से उस पर भी हमला कर दिया।

# क्या केजरीवाल पदयात्रा के दौरान जनता के सवालों के लिए तैयार है जबकि पिछले दिनों उन्हें जनता के विरोध का सामना करना पड़ा था : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली, नवम्बर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को उनकी पदयात्राओं में जनता द्वारा पूरी तरह नकारा जा रहा है, क्योंकि पिछले 10 वर्षो में दिल्ली के ढ़ांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। चुनावी प्रचार की पदयात्राओं में केजरीवाल को जनता के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भविष्य के लिए केजरीवाल के पास कुछ नहीं है क्योंकि उन्होंने दिल्लीवालों के वर्तमान को खत्म कर दिया है। केजरीवाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, परिवहन, पेंशन, राशन जैसी सुचारु रुप से मिलने



देवेन्द्र यादव

वाली सुविधाओं को लोगों से दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता के आंदोलन में जनलोकपाल और स्वराज की बात करने वाले केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के दिल्ली की जनता का विश्वास खत्म हो चुका है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा और आम आदमी पार्टी की अवसरवादी राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है और दिल्ली में कांग्रेस को अवसर देने की बात कर रही है। 15 वर्षों में कांग्रेस की सरकार द्वारा बनाए गए अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 11 वर्षो के शासन में कोई वृद्धि नही की है, जबकि 500 स्कूल और 20 नए कॉलेज खोलने का वायदा किया था और अस्पतालों में 30 हजार बेड जोड़ने का वायदे का क्या हुआ? जनसंख्या वृद्धि के कारण अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है वहीं सरकारी स्कूलों हर वर्ष छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। 2023-24 में स्कूलों में 30,000 छात्रों के नामांकन में कमी क्यों आई है?

देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल का दिल्ली में पदयात्राएं करने का ऐलान का जनता केजरीवाल का इंतजार कर रही है ताकि वो पिछले 11 वर्षो में विधानसभा, निगम चुनावों में किए गए अनगिनत वायदों के बारे में उनसे सवाल पूछ सकें। पिछले 11 वर्षो में आम आदमी पार्टी की सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नही है जिसके कारण अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह सहित कई विधायक जेल से बाहर आए और कुछ अभी जेल में है। जनता केजरीवाल से उनके द्वारा किए गए शराब घोटाले और शीश महल पर सरकारी खजाने को खाली करके करोड़ों खर्च करने पर सवाल भी पूछेगी, क्या केजरीवाल जनता के कड़वे सवालों के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शराब घोटाला और शीश महल ही नही, क्लॉस रुम घोटाला, डीटीसी घोटाला, स्वास्थय घोटाला, दवाई घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, वक्फ बोर्ड घोटाला, गाद निकालने का घोटाला, प्रदूषण पर हर वर्ष करोड़ो का गमन, यमुना सफाई पर लगभग 6800 करोड़ का भ्रष्टाचार के भी जनता ढेरो प्रश्न पूछेगी। 12 लाख नौकरी देने का वादा करके सिर्फ अनुबंधित कर्मचारी भर्ती किए और उसके बाद आंगन बाड़ा, मार्शल, गेस्ट टीचर को निकाल दिया और मार्शलों की पुनः नियुक्ति में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

## एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर धामी ने सिख नरसंहार स्मृति समारोह में लिया हिस्सा

नई दिल्ली, नवम्बर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने दिल्ली के तिलक विहार इलाके में नवंबर 1984 के सिख नरसंहार की याद में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि नवंबर 1984 का सिख नरसंहार भारत के लोकतंत्र और न्याय प्रणाली पर एक काला धब्बा है। इसके बाद सरदार धामी ने गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में मत्था टेका, जहां शिरोमणि अकाली दल के दफ्तर में पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सरना की अगुवाई में चौथी बार प्रधान बनने पर संगत द्वारा सरदार धामी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरविंदर सिंह सरना, मनजीत सिंह जीके, करतार सिंह विक्की चावला, तजिंदर सिंह गोपा, जतिंदर सिंह साहनी, गुरमिंदर सिंह मठारू, बीबी रंजीत कौर, बीबी हरजिंदर कौर जग्गा, सरदार कुलतारन सिंह कोछड़, सुखविंदर सिंह बब्बर, जतिंदर सिंह सोनू, अमरीक सिंह विकासपुरी, सुरिंदर सिंह दारा, महिंदर सिंह, सतनाम सिंह समेत पार्टी के यूथ प्रधान रमनदीप सिंह सोनू सहित सभी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सत्संग सुनने जा रहे मां-बेटे की एक्टिवा को कार ने मारी टक्कर, मां की मौत

यमुनानगर, नवंबर : बेटे के साथ एक्टिवा पर सवार होकर सत्संग सुनने जा रहे मां-बेटे की एक्टिवा को कार ने टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। दोनों आनन-फानन में शहर के ट्रामा सैंटर में लाया गया, जहां बेटे को दाखिल कर लिया गया जबकि मां को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही प्रतापनगर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज किया है। प्रतापनगर के हाईडल कालोनी निवासी नरेंद्र ने बताया कि वह अपनी मां नंदी देवी (56) के साथ एक्टिवा पर बैठ कर प्रतापनगर के पास सत्संग घर में सत्संग सुनने जा रहे थे। जैसे ही वह हथिनी कुंड बैराज से आगे वन विभाग पुलिस चौकी के पास पहुंचे, तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में नरेंद्र ऊपर हवा में उछल कर वह जमीन पर गिरा तो उसके हाथ कमर और छाती पर चोट लगी और बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। वहीं उसकी मां भी एक्टिवा से उछल कर सड़क पर जा गिरी, उसके सर और नाक मुंह से खून बहने लगा। जिससे उसकी मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में दोनों घायलों को शहर के ट्रामा सैंटर में लाया गया जहां नरेन्द्र की मां नंदी देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई।



मृतका नंदी देवी

## गाजियाबाद में 10 वीं कक्षा की छात्रा से रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने किया दुष्कर्म, महंगे गिफ्ट का दिया लालच

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में 10वीं कक्षा की छात्रा से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना 24 अक्टूबर की बताई जा रही है। छात्रा के पिता की शिकायत पर इंदिरापुरम कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस साक्ष्य एकत्र कर कार्रवाई में जुटी है। इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति परिवार के साथ रहते हैं। उनकी 15 वर्षीय बेटी क्षेत्र के नामी स्कूल में 10वीं कक्षा की छात्रा है। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर शशांक यादव ने उनकी बेटी को लालच देकर महंगे गिफ्ट दिलाए। उसके साथ अश्लीलता की। 24 अक्टूबर को घर में बेटी को अकेला देखकर पीछे के रास्ते आ गए। बेटी से दरिंदगी की। बेटी जैसे तैसे उनके चंगुल से छूटकर बाथरूम में गई और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद आरोपी वहां से गया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि शशांक यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने एक्सटेंशन दो में मंगल पांडेय चौक के पास सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर के बेटे के फ्लैट में चल रहे देह व्यापार का पदार्फाश किया है। पुलिस ने उनके बेटे, ग्राहक और सरगना महिला को गिरफ्तार किया है। छह माह से फ्लैट में देह व्यापार चल रहा था। पुलिस ने दो मोबाइल और पांच हजार रुपये बरामद किए हैं। सोमवार को शालीमार गार्डन थाना पुलिस को सूचना मिली कि मंगल पांडेय चौक के पास एक्सटेंशन दो के एक फ्लैट में देह व्यापार हो रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जहां से एक महिला सरगना, फ्लैट मालिक और एक ग्राहक को गिरफ्तार किया। दो युवतियों को मौके से रेस्क्यू कर उन्हें स्वजन को सौंपा गया। पुलिस सभी आरोपितों को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस जांच में सामने आया है कि फ्लैट उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर के बेटे शाकिब का है। उसने फ्लैट को साढ़े आठ हजार रुपये में देह व्यापार कराने वाली महिला के साथी को किराये पर करीब छह माह पूर्व दिया था। महिला तभी से उसमें देह व्यापार करा रही थी। पकड़े गए आरोपित मौजपुर थाना जाफराबाद दिल्ली का रविकांत और मदनपुरी कालोनी थाना मंडी जनपद सहारनपुर का शाकिब है। शाकिब दिल्ली सीलमपुर में रहता है।

## एलपीजी गैस से भरा ट्राला-टैंकर हाइवे पर पलटा, गैस लीकेज से 22 घंटे तक भयभीत रहा अमरपुरा गांव

### पुलिस प्रशासन ने वाहनों का रूट चेंज कराया, गैस कंपनी के कर्मचारियों ने 5 क्रैनों की मदद से कैंटर को सीधा किया

नांगल चौधरी, नवंबर : गुजरात से सोनीपत के लिए रवाना हुआ एलपीजी गैस का ट्राला-टैंकर अमरपुरा गांव के पास हाइवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके बाद टैंकर से गैस लीक हो गई और हवा में फैल गैस फैलने से अमरपुरा गांव के लोगों में डर का महौल बन गया। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची नांगल चौधरी पुलिस ने तुरंत से वाहनों का रूट डायवर्ट कराया तथा घटना मौके से ज्वलनशील पदार्थों को हटाया गया। हवा का रूख अमरपुरा गांव तथा नजदीकी पैट्रोल पंप की तरफ होने से रातभर लोगों में भय का माहौल बना रहा। रविवार की दोपहर 2 बजे गैस कंपनी के कर्मचारियों ने टैंकर को खड़ा किया। जानकारी के मुताबिक इंडियन ऑयल कंपनी एलपीजी गैस की 60 फीसदी सप्लाई टैंकरों से करती है। सप्लाई के लिए इंडिया को चार जोनों में विभाजित किया गया है। उत्तरी जोन के सोनीपत की एजैंसी को गैस की सप्लाई पहुंचाने के लिए 30 अक्तूबर को ट्राला-टैंकर रवाना किया गया था। करीब 30 फीट लंबे टैंकर के चारों पार्टो में रसोई गैस भरी हुई थी, तथा चालक को शनिवार की देर रात एजैंसी में रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश थे। लेकिन तेज रफ्तार से दौड़ रहा ट्राला-टैंकर नेशनल हाइवे 148-बी पर अमरपुरा गांव के पास अनियंत्रित हो गया। हालांकि चालक ने स्थिति को कंट्रोल करने के लिए आपात ब्रेक लगाए, जिस कारण ट्राला डिवाइडर को टक्कर मारते पलट गया। सूचना मिलते ही नांगल चौधरी थाने के इंचार्ज रत्न सिंह यादव दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत प्रभाव से थनवास के पास नाका लगाकर वाहनों का रूट डायवर्ट कराया। दमकल केंद्र से संपर्क करके फायर ब्रिगेड मंगवाई गई और गैस रिसाव पर पानी का छिड़काव शुरू कराया।



नांगल चौधरी। क्रेन की मदद से गैस के टैंक को खड़ा करते विशेषज्ञ।





वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी रविवार को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में को संबोधित करती हुईं। (सईद अहमद)

## साइबर ठगी वाले एक गैंग को पुलिस ने पकड़ा

यमुनानगर, नवंबर : यमुनानगर पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक और गैंग का खुलासा किया है। जयपुर राजस्थान से संचालित गैंग लोगों को ठगी का शिकार बना रहा था। गैंग के तीन शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि तीनों की उम्र 19 से 20 साल है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएचओ साइबर क्राइम थाना रविकांत ने बताया कि बीती 23 अक्तूबर को एक केस दर्ज किया गया था। पीड़ित सचिन कुमार निवासी सब्बलपुर थाना छप्पर का कहना था कि वह 12वीं तक पढ़ा है। उसकी पत्नी के फोन पर 16 सितंबर को एक लिंक आया था। जैसे ही उस लिंक पर ले गया तो वह सीधा एक टेलीग्राम आईडी पर चला गया जहां पर उसके साथ चैटिंग शुरू कर दी और घर बैठे पैसे कमाने का झांसा दिया। इसके बाद चैटिंग करने वाले युवक ने सात हजार रुपये का निवेश करने को कहा। झांसे में आकर उसने निवेश कर दिया। इसी तरह से वह लगातार उससे निवेश कराते रहे और करीब दो लाख 85 हजार रुपये की ठगी कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। शुरूआती जांच में आईडी का आईपी एड्रेस राजस्थान का मिला था। इसके बाद पुलिस टीम को राजस्थान के लिए रवाना किया गया था। टीम ने जयपुर के पुराना टीगारिया थाना समौदा निवासी राहुल यादव, चेतन यादव और मनीष कुमार यादव को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह काफी समय से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। यही नहीं एक कॉल सेंटर की तरह उन्होंने पूरा सेट तैयार किया था। एक दिन में वह एक साथ 100 से अधिक लोगों को हैंडल करते थे। इनमें से जो भी झांसे में आ जाता था उसे अपना शिकार बनाते थे।

# दिल्ली में AQI में और गिरावट, जहरीली हवा ने सर्दियों से पहले बजा दी खतरे की घंटी

**दिल्ली।** की वायु गुणवत्ता एक नए निम्न स्तर पर पहुंच गई है, क्योंकि आनंद विहार जैसे कई इलाकों में एक्यूआई 600 और उससे अधिक दर्ज किया गया, जो इस मौसम का अब तक का सबसे खराब स्तर है। ये एक्यूआईसीएन वेबसाइट पर दिए गए आंकड़े हैं। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह 8 बजे तक वायु गुणवत्ता 317 रही। ब्यूटी ब्लॉगर मालविका सीतलानी के तलाक के पीछे की वजह आई सामने आईक्यूएयर वेबसाइट के अनुसार, पीएम2.5 सांद्रता के रूप में मापा गया प्रदूषण स्तर वर्तमान में डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित खतरे की सीमा से 59 गुना अधिक है। उच्च प्रदूषण सांद्रता के लगातार संपर्क में रहने से फेफड़े और मस्तिष्क को नुकसान जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। एक्यूआई, जो किसी क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता की रिपोर्ट है, 200 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर तथा 450 से ऊपर गंभीर से अधिक माना



जाता है, जिससे निवासियों के लिए हानिकारक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो सकती हैं। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर आनंद विहार - 627 (खतरनाक), अलीपुर - 388 (खतरनाक), पंजाबी बाग - 319 (खतरनाक), नरेला - 372 (खतरनाक), आरके पुरम - 268 (बहुत खराब), बवाना - 368 (खतरनाक), आईटीआई शाहदरा - 408 (खतरनाक) आतिशी सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के कर रही ये काम दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि धूल प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 200 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात की जाएंगी। शनिवार को एएनआई से बात करते हुए गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार बढ़ते प्रदूषण के स्तर से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि धूल प्रदूषण से निपटने के लिए, दिल्ली सरकार पूरे शहर में 200 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात करेगी, जो आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्टों में काम करेंगी और धूल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में पानी का छिड़काव करेंगी। उन्होंने कहा, "चाहे वह धूल प्रदूषण हो, वाहन प्रदूषण हो या बायोमास जलाना हो, हमारी टीमें जमीनी स्तर पर इन तीनों पर लक्ष्य साधकर लगातार काम कर रही हैं।"

## बाहरी दिल्ली के अलीपुर में फैक्टरी में भीषण आग लगी



बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में शनिवार शाम एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए अग्निशमन सेवा विभाग के 34 दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ब्यूटी ब्लॉगर मालविका सीतलानी के तलाक के पीछे की वजह आई सामने दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ है और आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अलीपुर के फिरनी इलाके में स्थित फैक्टरी में आग लगने की सूचना शाम करीब चार बजे मिली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि यह घटना चिंताजनक है और वह व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह संबंधित जिलाधिकारी के संपर्क में हैं और हर संभव मदद मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि गोदाम का इस्तेमाल कागज और रसायनों के भंडारण के लिए किया जाता था, लेकिन पुख्ता जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

## दिल्ली के कारखाने में लगी आग पर काबू पाने के लिए 35 घंटे से प्रयास जारी

अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आग पर काबू पाने के लिए कार्य अभी तक जारी है। अधिकारी ने बताया, अब भी दमकल की 15 गाड़ियां आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए प्रयासरत हैं। बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक कारखाना परिसर में शनिवार देर रात लगी भीषण आग 35 घंटे बाद भी सुलग रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बिग बॉस 16 की स्टार सुम्बुल ने ऐसा क्या शेयर किया कि सब हैरान हैं शनिवार शाम से अब तक दमकल की 100 से अधिक गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने कहा, संदेह है कि गोदाम का इस्तेमाल कागज, प्लास्टिक और रसायनों के भंडारण के लिए किया जाता था, लेकिन सटीक विवरण अभी तक उपलब्ध नहीं है। हमने पुलिस से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया है।



## भारत आज खुद को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है: जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत आज स्वयं को विश्व मित्र के रूप में स्थापित कर रहा है। यहां एक पुस्तक विमोचन के मौके पर अपने संबोधन में जयशंकर ने यह भी कहा किह्यह्यहम अधिक से अधिक लोगों के साथ मित्रता करना चाहते हैं। ब्यूटी ब्लॉगर मालविका सीतलानी के तलाक के पीछे की वजह आई सामने उन्होंने कहा कि इससे जाहिर तौर पर भारत के प्रति सद्भावना और सकारात्मकता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यह देश द्वारा वैश्विक भलाई में दिए जा रहे बढ़ते योगदान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके करीबी जुड़ाव में परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि अंतिम विश्लेषण में मित्र हमेशा प्रगति पर काम करते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लिए मित्रता विकसित करना कभी आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भावनात्मक पहलू साझा अनुभवों से आता है और ग्लोबल साउथ के संबंध में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जयशंकर ने कहा, मित्रताएं विशिष्ट नहीं होतीं, विशेषकर बहुध्रुवीय विश्व में। उन्होंने कई देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों का भी हवाला दिया।



# डीएम, एसपी को निर्दोष एजेंट्स को झूठे मुकदमे एवं प्रताड़ना से बचाने और ठगी पीड़ितों का भुगतान कराने हेतु ज्ञापन सौंपा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा।** सोमवार को ठगी पीड़ित जमा करता परिवार द्वारा जिलाधिकारी अमरोहा एवं पुलिस अधीक्षक अमरोहा को एक मांग पत्र सोपा गया जिसमें अधिकारियों को अवगत कराया गया कि जिले में अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 और राज्य के जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन करके विभिन्न कम्पनी एवं क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी बगैरा पोंजी स्कीम्स चला रही थीं जिन्हें भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था और जमाकताओं/ठगी पीड़ितों के जमाधन की वापसी का दायित्व आवेदन लेकर सक्षम और सहायक सक्षम अधिकारियों को दिया था। सरकार ने अतिरिक्त जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त को जमाकर्ता हित संरक्षण अधिकारी और मण्डल आयुक्त/जिलाधिकारी इत्यादि को सक्षम अधिकारी बनाकर ठगी पीड़ितों से आवेदन लेकर उनके जमाधन के भुगतान की व्यवस्था की है. उक्त भुगतान कानूनों की अनुपालना करवाने के लिए हमारा संगठन ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार, तपजप लगातार सत्याग्रह कर रहा है और सरकार से ठगी पीड़ितों के समुचित भुगतान की मांग कर रहा है. अधिकतर जिलों में सरकार ने भुगतान आवेदन के लिए भुगतान पटल / विंडोज ओपन किए है और सक्षम अधिकारी एवं सहायक अधिकारी पीड़ितों के आवेदन ले रहे है। पीड़ितों की समस्या के समाधान के लिए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल भी स्थापित किए है जहाँ पीड़ित अपने क्लेम/शिकायत दाखिल कर सकते हैं. सरकार द्वारा भुगतान की जिम्मेदारी लेने के पश्चात भी कुछ निवेशक जमाकर्ता अपने भुगतान का आवेदन सक्षम या सहायक सक्षम अधिकारी के कार्यालय में नहीं कर रहे और एजेंट्स पर नाजायज दबाव बनाकर जबरन धन वसूली कर रहे है जिससे एजेंट आत्महत्या कर रहे हैं या घरबार परिवार छोड़कर पलायन कर रहे है। कुछ पुलिसकर्मी एजेंट्स के खिलाफ शिकायत मिलते ही एजेंट्स का उत्पीड़न आरम्भ कर देते हैं और अनुचित तरीके से दबाव बनाकर उनसे जबरन धन वसूली करते है और जबरन लिखवा लेते है कि निवेशक की जमाराशि का भुगतान तुम करोगे। सभी कम्पनी और सोसाइटी बंद हो चुकी है और उनके प्रबंधक जेलों में है या फरार है। इन कम्पनीज में काम करने वाले एजेंट् निवेशकों और पुलिस के उत्पीड़न के कारण अत्यंत तनाव में है और आए दिन उनके साथ अप्रिय वारदात हो रही है। कई एजेंट्स ने पुलिस उत्पीड़न के कारण आत्महत्या तक कर ली है और कितने ही भय के कारण पलायन कर गए है। अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ थानाधिकारीयों एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश देकर निर्दोष एजेंट्स का उत्पीड़न पलायन और आत्महत्याओं को रूकावएं तथा बेरोजगार हुए एजेंट्स को और उनके निवेशकों को उनकी डूबी हुई रकम ब्याज मुआवजा क्षतिपूर्ति के साथ बड्स एक्ट 2019 के तहत अविलम्ब वापस कराने और इस ज्ञापन मांगपत्र को प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति को भिजवाएं जाने की मांग की गई है, इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुमार प्रदेश सचिव तप जप संगठन, डा मुन्ना प्रदेश सचिव, डा हनीफ , डा वीर सिंह, मा राकेश चौहान, वेदपाल आर्य,प्रेम सिह, चन्द्र पाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, कमलेश देवी, डाक्ट वीर पाल सिंह, रामगोपाल आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद ने झूठा मुकदमा एक्सपंज कराने को ज्ञापन सौंपा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव ने उनके पिता के खिलाफ चल रहा झूठा मुकदमा एक्सपंज कराने के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन दिया, बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के गांव रहरई में गाटा संख्या 162 मीक्ष पर विवाद चल रहा है जिसमें प्रार्थी के पिता नानक सिंह की तरफ से एक मुकदमा संख्या 281 / 21 धारा 420, 467, 468, 471, आईपीसी थाना रहरा सरकार बनाम कुंवरपाल सिंह आदि, कुमरपाल, वेद प्रकाश, ठाकुरदास, बालवीर पुत्रगण किशन लाल निवासी ग्राम रहरई, देवेश पुत्र महेंद्र, महेंद्र सन ऑफ नन्हे के विरुद्ध न्यायालय में विचाराधीन है, जिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उपरोक्त लोगों द्वारा झूठा मुकदमा संख्या 311 / 2024 धारा 308 /4, 352, 351/2 बी नए एस थाना रहरा में नानक सिंह वादी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है ऐसी स्थिति में झूठे मुकदमा संख्या 312/ 2024 को एक्सपेंस कराकर के झूठा मुकदमा दर्ज करने वाले वादीगणों विरुद्ध 182 की कार्यवाही कराया जाना न्याय हित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए झूठे मुकदमे को एक्सपंज किए जाने की मांग की गई है, बता ते चले कि प्रार्थी दीनदयाल यादव पुत्र नानक सिंह यादव एडवोकेट होने के साथ-साथ राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, इस मौके पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के जिला अध्यक्ष अनुपम त्यागी, कोषाध्यक्ष नीरज शर्मा गजरौला ब्लॉक अध्यक्ष सरदार हरिश्चंद्र, तहसील हसनपुर अध्यक्ष सीमा यादव तथा संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

# चंदनपुर चीनी मिल पेराई सत्र 2024/25 का हुआ शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर/चंदनपुर।** सोमवार को त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर के पेराई सत्र 2024/25 का विधिवत रूप से शुभारंभ हो गया बता ते चले कि मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी एवं अमरोहा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व चंदनपुर चीनी मिल के उपाध्यक्ष अमोद कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर चंदनपुर चीनी मिल का शुभारंभ कर दिया, सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी का चीनी मिल के उपाध्यक्ष अमोद कुमार शर्मा ने अपने मील के सभी विभाग अध्यक्षों के साथ मिलकर जोरदार स्वागत किया, वही चीनी मिल संचालक से पूर्व केन करियर पर पूर्ण वैदिक रीति रिवाज से गुरुकुल की शिष्याओं द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण एवं हवन मुख्य यजमान अमोद कुमार शर्मा के संग किया गया, वही पंडित गोविंद शर्मा द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कराया गया जिस के उपरांत फीता काटकर मिल का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर गन्ना लेकर आने वाले प्रथम कृषकों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया, इस मौके पर चीनी मिल के उपाध्यक्ष अमोद कुमार शर्मा ने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि वह अपना गन्ना चंदनपुर चीनी मिल को ही आपूर्ति करें और ओने पौने दामों में इधर-उधर ना डाल कर मिल से अधिक मुनाफा कमाए, इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, रामकिशोर सिंह चौहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, प्रमोद त्यागी, पुष्पेंद्र त्यागी, ब्रह्म दत्त त्यागी, तथा चीनी मिल के स्टाफ में अमेज कुमार सिंह, आर एस सहरावत, टी सी राजोरिया, रवि कुमार गुप्ता, संजय जयसवाल, संजीव मलिक, उदयवीर सिंह, बाबूराम सैनी, ए के तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, विपिन मिश्रा अभय प्रताप सिंह, दीपक अग्रवाल, जोगेंद्र सिंह, लज्जाराम आदि सहित दर्जनों गणमान्य किसान भाई मौजूद रहे।

## पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्देश पर तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा बार के अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर के गेट पर एकत्र होकर पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठी चार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की तथा घायल अधिवक्ताओं को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने, निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और जिला जज गाजियाबाद को स्थानांतरित करने की मांग की । अधिवक्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध निरंतर हिंसक व्यवहार किया जा रहा है, न्यायपालिका द्वारा उनका गला घोंटा जा रहा है। उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है । जो स्वीकार नहीं है। बार एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन के अलावा आज न्यायालयों में कार्य बहिष्कार का भी निर्णय लिया और न्यायालयों में कार्य नहीं किया। प्रदर्शन में अध्यक्ष गंगा सरन खड़गवंशी, पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी, महावीर सिंह चौहान पूर्व प्रमुख व महीपाल सिंह, शिवचरन सिंह, श्यौराज सिंह राणा, दिनेश गुप्ता, सुनील भटनागर, विनोद सक्सेना, वीर सिंह, सुबोध शर्मा, विजेंद्र गहलोत,वीर सिंह त्यागी, विशाल शर्मा, नुसरत अली, विजयपाल सैनी, देवेंद्र शर्मा, परवेज अहमद, मौ. नौशाद, विनीत कुमार, ओमपाल कोहली, रामनाथ सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## झम्मन लाल पीजी कॉलेज में छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के प्रति किया गया जागरूक



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** सोमवार को नगर के झम्मनलाल पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के प्रति जागरूक किया गया, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बबीता त्यागी एवं डॉ गीतांजलि शर्मा और कुमुद त्यागी द्वारा किया गया, कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, वहीं छात्रों को समाज में, अपने आस पड़ोस और सगे संबंधियों से कैसा व्यवहार करें और जरूरत पड़ने पर अपनी आत्म सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें साथ ही सफर करते समय कैसे सावधानी बरतें आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाया गया, बताते चलें कि सरकार द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत छात्राओं को तथा समाज की प्रत्येक महिला एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है, इसी क्रम में नगर के महाविद्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित कर समय-समय पर छात्राओं को जागरूक किया जाता रहता है, तथा सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया, इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ नितीश शर्मा तथा समस्त स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रही ।



**लोकतंत्र की शान**
**देवेंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शिष्टाचार भेंट की।**

## राजधानी लखनऊ पुलिस को मिली बड़ी सफलता पुलिस ने 2 पेशेवर चोरों को किया अरेस्ट!!

**लोकतंत्र की शान देवेंद्र शर्मा**



चोरी के वाहन के साथ आरोपी हुए गिरफ्तार!!
चंदन चौहान और बादल कश्यप हुए अरेस्ट!!
आरोपी चंदन चौहान पर 11 मुकदमे दर्ज है!!
आरोपी बादल कश्यप पर 3 मुकदमे दर्ज है!!
विभूतिखंड थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार!!

## छठ पूजा पर सुरक्षा व्यवस्था: डीजीपी प्रशांत कुमार के कड़े निर्देश

**लोकतंत्र की शान देवेंद्र शर्मा**

**लखनऊ।** आगामी छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े निर्देश जारी किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए हर जिले में विशेष उपायों को लागू करने का आदेश दिया गया है। डीजीपी ने कहा कि घाटों, तालाबों, और जलाशयों के किनारे पुलिस और गोताखोरों की तैनाती की जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डीजीपी ने ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था को जरूरत के अनुसार तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि छठ पूजा के दौरान यातायात में कोई बाधा न आए। साथ ही, उन्होंने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड से कार्यक्रम स्थलों की जांच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। छठ पूजा के दौरान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए हर जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड को बाजारों में तैनात किया जाएगा। डीजीपी ने छोटी से छोटी घटनाओं पर भी सीनियर अफसरों को मौके पर तुरंत पहुंचने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, नदी किनारों पर पटाखे चलाने की संभावना को देखते हुए फायर ब्रिगेड को तैनात किया जाएगा। भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भी पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और फुट पेट्रोलिंग का प्रबंध किया जाएगा। सोशल मीडिया पर अफवाह या भड़काऊ संदेश फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भी आदेश दिया गया है।

# संवर्ग के कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह

**लोकतंत्र की शान देवेंद्र शर्मा**



**लखनऊ।** नगर निगम में अक्टूबर, 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज दिनांक 04.11.2024 को किया गया। कार्यक्रम में निम्नलिखित सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मा. महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी द्वारा पुष्प एवं मालाएं प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, धार्मिक ग्रन्थ, नगर निगम का प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई की गयी :-

1. श्री विपिन कुमार उपाध्याय, कर अधीक्षक, केन्द्रीयित सेवा,
2. श्रीमती रिजवाना पत्नी स्व. सज्जाद हुसैन, पोर्टर, मार्ग प्रकाश विभाग,
3. श्री रजनीश सक्सेना पुत्र स्व. राजा बहादुर, प्रथम श्रेणी लिपिक, लेखा विभाग
4. श्री बसंत लाल पुत्र श्री दुलारे, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-05
5. श्री राजेश कुमार पुत्र श्री कुन्दन लाल, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-11
6. श्री दिलीप पुत्र श्री अज्जू लाल, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-08
7. श्री लड्डन पुत्र श्री छुटकऊ, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-08
8. श्री जगदीश पुत्र श्री मोहइय्या, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-08
9. श्री राम प्रसाद पुत्र श्री बसीर, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-08
10. श्री गंगा देवी पुत्र श्री राम स्वरूप, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-02
11. श्री मालती पुत्र गुलाब, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-03
12. श्री महेश पुत्र ललिता, सफाई कर्मी, कक्ष समिति-06

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री नंद राम कुरील, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री अशोक सिंह, सहायक लेखाधिकारी श्री राजीव सिंह उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त केन्द्रीयित सेवा के कर अधीक्षक श्री विपिन उपाध्याय को अर्जित अवकाश का नगदीकरण तथा अन्य कर्मचारियों को पेंशन पासबुक प्रदान की गयी व कर्मचारियों के उपादान (ग्रेच्युटी) तथा अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान इनके खातो में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से किया गया है। साथ ही भविष्य निधि का भुगतान हेतु भुगतान आदेश सम्बन्धित कर्मचारियों को प्राप्त करा दिया गया है।

कार्यक्रम में कर्मचारी प्रतिनिधिगण श्री शशि कुमार मिश्र, श्री सै. कैसर रजा, श्री शमील एखलाक, श्री राम अचल, श्री नरेश बाल्मीकि, श्री सुनील धानुक तथा कर्मचारियों के साथ सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा नगर निगम लखनऊ में प्रदान की गयी सेवाओं पर आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा सेवानिवृत्ति के दिन ही सेवानैवृत्तिक लाभ की धनराशि का भुगतान व पेंशन बुक प्रदान किये जाने के सराहनीय कार्य पर आभार प्रकट किया गया।

# यूपी में विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए योगी सरकार की पहल, एफडीआई पॉलिसी में किया संशोधन



**लखनऊ, 4 नवंबर।** योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सोमवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति 2023 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के माध्यम से योगी सरकार ने विदेशी निवेशकों को बड़ी राहत दी है। इसके माध्यम से अब ऐसी विदेशी कंपनियां भी प्रदेश में निवेश कर सकेंगी जो इक्विटी के साथ-साथ लोन या किसी अन्य स्रोत से पैसों की व्यवस्था करती हैं। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में विदेशी निवेश के बढ़ने की संभावना है।

### फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट को किया गया शामिल

योगी कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 1/11/2023 को फॉरेन डायरेक्टर इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की नीति आई थी, इसमें थोड़ा संशोधन किया गया है। नीति में अर्हता के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 100 करोड़ रुपए रखी गई है। आरबीआई द्वारा जो एफडीआई की परिभाषा दी गई है, उसके अनुसार अभी तक मात्र इक्विटी में किए गए निवेश को ही एफडीआई में सम्मिलित किया जाता है। नीति में जो संसोधन किया गया है उसमें हमने इसे फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक एफडीआई के तहत कंपनी के पास अपनी इक्विटी होती थी लेकिन ज्यादातर कंपनी अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए बाहर से लोन के साथ ही दूसरे माध्यमों से भी पैसा मैनेज करती हैं। हमने उसको भी अलाऊ कर दिया है। यदि किसी कंपनी के पास इक्विटी केवल 10 प्रतिशत है और 90 प्रतिशत निवेश राशि की व्यवस्था दूसरे स्रोतों से कर रखी होगी तो हम उसको भी बेनिफिट प्रदान करेंगे।

### 100 करोड़ के निवेश को माना जाएगा पात्र

उन्होंने बताया कि अब इस नीति को फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट एंड फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एंड फॉर्च्यून इंडिया 500 इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023 कहा जाएगा। फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट के रूप में इक्विटी में निवेश करने वाली विदेशी कंपनी के लिए प्रिफरेंश शेयर, डिवेंचर्स, एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, स्टैंड बाई लैटर ऑफ क्रेडिट, लैटर्स ऑफ गारंटी व अन्य डेब्ट सिक्योरिटी को भी शामिल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य मोड जो आरबीआई के द्वारा फ्रेमवर्क ऑन एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, ट्रेड क्रेडिट, स्ट्रक्चर्ड ऑब्लीगेशंस के अंतर्गत किए गए 100 करोड़ के विदेशी निवेश की गणना के लिए अर्ह होंगे। विदेशी निवेशक कंपनी द्वारा की गई फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट राशि (जिसमें इक्विटी में न्यूनतम 10 प्रतिशत तथा शेष ऋण व अन्य इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से मिलाकर 100 करोड़ रुपए का निवेश) को इस नीति के अंतर्गत पात्र माना जाएगा तथा पूंजी निवेश की गणना में सम्मिलित किया जाएगा।

### बिना नॉमिनी भी हो सकेगा ग्रेच्युटी का भुगतान

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए अथवा सेवानिर्वत्ति के उपरांत ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किए बिना हो जाती है और उसने अपने पीछे कोई परिवार नहीं छोड़ा है और न ही कोई नॉमिनी बनाया है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है जिसके पक्ष में किसी न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पहले कि व्यवस्था में ऐसे व्यक्ति की ग्रेच्युटी की धनराशि सरकार को चली जाती थी।

# जन महत्व की परियोजनाओं में समयबद्धता-गुणवत्ता से समझौता नहीं, गड़बड़ी मिली तो जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक सब की जवाबदेही तय होगी: मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 4 नवंबर।** * मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और निर्माणकार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। *बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देशः- *

* सड़क निर्माण की परियोजना तैयार करते समय स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। प्रत्येक परियोजना के लिए समयबद्धता और गुणवत्ता अनिवार्य शर्त है, इससे समझौता नहीं किया जा सकता। गड़बड़ी पर जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक सबकी जवाबदेही तय होगी। एग्रीमेंट के नियमों का उल्लंघन होगा तो कांट्रेक्टर/फर्म को ब्लैकलिस्ट होगा और कठोर कार्रवाई भी होगी। पेटी कॉन्ट्रेक्टर/सबलेट की व्यवस्था स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।

* DPR को अंतिम रूप देने के साथ ही कार्य प्रारंभ करने और समाप्त होने की तिथि सुनिश्चित कर ली जानी चाहिए और फिर इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाए। बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। पूर्ण हो चुके कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराई जाए।

*सड़क और सेतु हो अथवा आमजन से जुड़ी अन्य निर्माण परियोजनाएं, स्वीकृति देने से पहले उसकी लोक महत्ता का आंकलन जरूर किया जाए। विकास में संतुलन सबसे आवश्यक है। पहले आवश्यकता की परख करें, प्राथमिकता तय करें, फिर मेरिट के आधार पर किसी सड़क अथवा सेतु निर्माण की स्वीकृति दें। विकास कार्यों का लाभ सभी 75 जनपदों को मिले।

*दीन दयाल उपाध्याय तहसील/ब्लाक मुख्यालय योजना अंतर्गत प्रदेश के समस्त तहसील/ब्लॉक मुख्यालय को जिला मुख्यालय से न्यूनतम दो लेन मार्गों से जोड़े जाने का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। एक भी तहसील-एक भी ब्लॉक इससे अछूता न रहे।

* प्रदेश के अंतरराज्यीय तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भव्य 'मैत्री द्वार' बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा कराएं। जहां भूमि की अनुपलब्धता हो, तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। द्वार सीमा पर ही बनाए जाएं। यह आकर्षक हों, यहां प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी हो। अब तक 96 मार्गों पर प्रवेश द्वार पूर्ण/निमार्णाधीन हैं। अवशेष मार्गों पर प्रवेश द्वार निर्माण की कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी कर ली जाए।

# हरियाणा



निरंकारी संत समागम में प्रवचन करते सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज, साथ में निरंकारी राजपिता रमित जी।

## भक्ति में बिताया हर पल सुकून वाला होता है : सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज



निरंकारी संत समागम में उपस्थित संगत।

(यमुनानगर) : प्रदूषण मन के भीतर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक है। यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने तेजली ग्राउंड में आयोजित निरंकारी संत समागम के दौरान फरमाए। संत समागम में हरियाणा सहित, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सतगुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। सतगुरु माता ने कहा कि ब्रहाज्ञान की प्राप्ति के बाद मन की स्थिति स्थिरता व सुकून भरी होती है और भक्त सदैव परमात्मा की हर रजा में ही खुशी व सुकून महसूस करते है। सतगुरु माता जी ने फरमाया कि व्यवहार में गुस्सा या कटुता में कैसे संतुलन बनाकर मधुरता लानी है, परमात्मा का बोध हमें सही चुनाव व चयन करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि सत्य, प्रेम, मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। शाहाबाद के जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी का हृदय से आभार प्रकट करते हुए आशीष प्राप्त किए। उन्होंने दूर स्थानों से आए श्रद्धालु भक्तों का, यमुनानगर प्रशासन, पुलिस प्रशासन व अन्य सभी विभागों का सहयोग देने के लिए आभार व शुकराना किया। समागम के दौरान अनेक श्रद्धालुओं ने भजन, कविताओं व विचारों से निरंकारी मिशन का विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। समागम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया था। समागम में शहर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य सज्जनों ने सतगुरु माता जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संदीप कुमार को बनाया रादौर थाना प्रभारी



एसआई संदीप कुमार

(जगाधरी) : रादौर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके स्थान पर सदर यमुनानगर थाना से एसआई संदीप कुमार को प्रभारी लगाया गया है। संदीप कुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। बताया जा रहा है कि सीएम के कार्यालय प्रभारी कैलाश ने थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को किसी केस के संबंध में काल की। प्रभारी महेंद्र सिंह उनके साथ गलत लहजे में बात की। यह मामला संज्ञान में आने पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने उन्हें लाईन हाजिर कर दिया। शनिवार को नवनियुक्त एसपी राजीव देसवाल ने कार्यभार संभाला। उन्होंने यहां पर एसआई संदीप कुमार को प्रभारी लगाया है। एसपी ने बताया कि रादौर के प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया था। थाना खाली नहीं छोड़ सकते, इसलिए ही यहां पर तैनाती की गई है।

## नकदी व फोन लूटने के मामले में बेल जंपर काबू

(कैथल) : कैथल पीओ स्टाफ के एएसआई रणदेव सिंह की टीम ने उद्घोषित अपराधी करनाल के जलमाणा निवासी अभिषेक को असंध से काबू कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 18 अगस्त 2019 को करनाल रोड कैथल से अपने अन्य साथियों के साथ एक व्यक्ति से चाकू की नोक पर 10 हजार रुपए नकदी व मोबाइल फोन लूटने का आरोप है। इस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को उक्त मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन वह न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 20 सितंबर 2024 को पीओ घोषित कर दिया था। उसे न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## राशिफल 04-11-2024 (सोमवार)

**मेष**
परिस्थितियां समय के विपरीत, विरोधी आप पर हावी रहेंगे, आपसी संबंधों में कड़वाहट, एक-दूसरे पर आरोप लगाने की स्थिति, कारोबारी यात्रा का लाभ होगा।

**वृषभ**
अधिकारियों के सहयोग से कार्य सम्पन्न, पारिवारिक जिम्मेदारी सम्पन्न, धन के आने का योग, तीर्थ स्थलों की यात्रा का योग, मन में शांति का वातावरण, माहौल आपके मन के अनुसार।

**मिथुन**
आमदनी में कमी, किसी से धोखा मिल सकता है, बहस से बचें, मन में परेशानी रहेगी, अपने सोचे अनुसार जो फैसला लेंगे वह उल्टा पड़ेगा, सोचे हुए काम को पूरा करने में बाधाएं।

**कर्क**
अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, समारोह में शामिल होने का मौका, पढ़ने-पढ़ाने में मन लगेगा, नौकरी में तरक्की का योग, घरेलू मामले हल होने को, सुख साधनों पर खर्च होगा।

**सिंह**
घरेलू समस्याओं से मन परेशान, धन की कमी, संतान संबंधी चिंता रहेगी, दूसरों से गलतफहमी, पारिवारिक मनमुटाव, शिक्षा प्रतियोगिता में नाकामयाबी का भय।

**कन्या**
आर्थिक तौर पर ग्रह आपके पक्ष में, किस्मत में तरक्की का योग, समाज सेवा से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, समस्याओं का हल होगा, सुख-सुविधा के साधन उपलब्ध होंगे।

**तुला**
सूझबूझ से लिया फैसला लाभप्रद, आमदनी के रास्ते खुलेंगे, व्यापार का माहौल आपके हित में, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा, वरिष्ठजनों से मिलने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक**
समाज में मान बढ़ेगा, सोची गई योजना पर काम शुरु होगा, दूसरों की सलाह मानेंगे तो कामयाबी तय,समाज सेवा का मौका मिलेगा, व्यापार में लगाया धन अब लाभ देगा।

**धनु**
कई मामलों में फैसले आपके पक्ष में, पैसे आने का नया रास्ता खुलेगा, पत्नी से सहयोग मिलेगा, जिम्मेदारियां पूरी कर पाएंगे, मौज मस्ती पर खर्च होगा, संतान पक्ष से राहत।

**मकर**
आरोग्य सुख प्राप्त, जीवन साथी से सामंजस्य, धर्म के प्रति आस्था, दाम्पत्य जीवन मे मधुरता, कुछेक कार्यों की रूपरेखा, घरेलू वातावरण सुखद, संभावित यात्रा सफल।

**कुंभ**
विचारित कार्य पर आगे बढ़ने का समय, वैवाहिक संबंध मजबूत होंगे, फंसा हुआ धन मिल सकता है, दोस्तों से विनिमय, शुभ समारोह में शामिल होने का मौका।

**मीन**
शारीरिक कष्ट बढ़ सकता है, समझ बूझ से काम लेंगे तो कामयाबी मिलेगी, पैसे का आगमन, कारोबार बढ़ाने की योजना बनेगी, यात्रा पर जाने का लाभ होगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | | 3 | 4 | |
| | | 6 | | 3 | | 1 | | 7 |
| | | | 9 | 1 | | | | 5 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 4 | 3 | | 1 | 2 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 3 | | | | 7 | 5 | | | |
| 4 | | 9 | | 8 | | 6 | | |
| | 1 | 2 | | 6 | | | | |

## सुडोकू- कल का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 8 | 1 | 9 |

आड़े, खड़े व 3x3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।




विक्रमी संवत 2081, शके 1946, सूर्य दक्षिणायण, शरद ऋतु, कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तत्पश्चात चतुर्थी, अनुराधा नक्षत्र तत्पश्चात ज्येष्ठा, शोभन योग तत्पश्चात अतिगण्ड योग, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में विद्यमान।

राहुकाल: सुबह 07:58 से 09:20 बजे तक।

## अवैध हथियार बेचने के लिए उत्तर प्रदेश से करनाल पहुंचें, दो आरोपीयों को हथियार सहित किया गिरफतार

करनाल, बिट्टू संधू

**करनाल।** बिती रात करीब 02:00 बजे जिला पुलिस की क्राइम युनिट सी.आई.ए-01 की टीम को मेरठ रोड़, करनाल पर गस्त के दौरान स.उप निरीक्षक मदनलाल की अध्यक्षता में गुप्त तरीके से अवैध हथियार लिए एक आरोपी के संबंध में सुचना प्राप्त हुई, सुचना मिलते ही उन्होंने अपनी टीम के साथ योजनाबद्व तरीके से संबंधीत स्थान लालूपुरा टी-प्वाइंट पर पहुंचकर देखा तो एक लड़का पुलिस की टीम को देखकर गांव लालूपूरा की ओर जाने लगा, जब उसे रूकने को बोला गया तो वह भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस टीम ने अपनी सजगता का परिचय देते हुए उसे धर दबोचा। पुलिस टीम द्वारा आरोपी..... वंश उर्फ गोल्डी पुत्र सतपाल वासी रणखंडी देवबन, जिला साहरनपूर, उत्तर प्रदेश के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल 12 बोर बरामद की गई। इस संबंध



में जानकारी देते हुए इन्चार्ज सी.आई.ए-01 उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में मुकदमा नंबर 441 दिनांक 04.11.2024 धारा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी आरोपी..... आयुष पुत्र महेश कुमार वासी रखखंडी देवबन, जिला साहरनपूर, यु.पी. जिससे उसने अवैध हथियार लिया था के संबंध में खुलासा किया, जिसे भी उनकी टीम द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए काबू करने में सफलता हासिल की गई। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उक्त मामले में पहले गिरफतार किए गए आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह इस अवैध हथियार को बेचने के फिराक में करनाल आया था और इसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। उन्होंने कहा कि आज दोनों आरोपीयों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया।

## निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 रुपये की वित्तीय सहायता : डीसी

करनाल, बिट्टू संधू

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। डीसी ने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्व-सत्यापित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई



दस्तावेज नहीं है तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे के माता-पिता या अभिभावक किसी भी सरकार द्वारा पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहा है वो उपरोक्त स्कीम का लाभ नहीं ले पाएंगे। स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक प्रार्थी अपने नजदीकी अंत्योदय सरल केंद्र, अटल सेवा केंद्र सहित सीएससी केंद्र पर आवेदन कर सकते हैं।

## समाधान शिविरः 2 शिकायतों की हुई सुनवाई, दोनो पर कार्रवाई शुरू- अशोक कुमार, उप निगमायुक्त।

### अपील- नागरिक समाधान शिविर में करवा सकते हैं समस्या का हल।

करनाल बिट्टू संधू

**करनाल।** नगर निगम के उप निगमायुक्त ने बताया कि आमजन की शिकायतों का समाधान करने के मकसद को लेकर नगर निगम कार्यालय में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। सोमवार को शिविर में आए नागरिकों की सम्मान के साथ शिकायतें सुनी गई। उन्होंने जानकारी देते बताया कि समाधान शिविर में कुल 2 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जो भूमि शाखा तथा विद्युत शाखा से सम्बंधित हैं। दोनो शिकायतों के समाधान को लेकर नगर निगम की ओर से कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है, जिसका समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लिया जाए। शिविर में आने वाले आम आदमी को त्वरित समाधान दिया जाए। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को भी आदेश दिए हैं कि समाधान शिविर में आई शिकायत का शीघ्र अति शीघ्र निपटान करवाया जाए। अगर किसी शिकायत को मौके पर समाधान नहीं हो सकता, तो उसका निश्चित समयावधि में समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। उप निगमायुक्त ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस को नगर निगम कार्यालय के कॉंफ्रैंस हाल में प्रातः 9 से



11 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। अगर किसी नागरिक की नगर निगम से सम्बंधित शिकायत है, तो वह समाधान शिविर में आकर उसका हल करवा सकता है। समाधान शिविर में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक सुनील कुमार, नायब तहसीलदार राम कुमार के अतिरिक्त विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी मौजूद रहे।

## मेरिट में आए विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के एम ए पंजाबी के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के मेरिट लिस्ट में एक बार फिर दोहरी सफलता हासिल की है। इस बारे में जानकारी देते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने बताया कि एम ए पंजाबी दूसरे सेमेस्टर में पांच विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। जबकि छठे सेमेस्टर में दो विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। विस्तार से बताते हुए उन्होंने ने बताया कि दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थी गुलशन लाल ने 66% अंकों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं अरविंद कुमार तथा हरविंदर सिंह ने 61.8% अंकों के साथ विश्वविद्यालय में छठा स्थान प्राप्त किया है। ज्योति ने 60.6% अंकों के साथ विश्वविद्यालय में नौवां स्थान तथा ज्योति देवी ने 60.2% अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस तथा उप प्रधान सरदारनी कँवरप्रीत कौर विर्क ने



सभी मेरिट में आए विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य प्रो. शशि मदान ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने दोहरी सफलता हासिल करते हुए चौथे सेमेस्टर में भी मेरिट में स्थान बनाया है। एम ए पंजाबी चौथे सेमेस्टर की छात्रा नवजोत कौर ने 58.4% अंकों के साथ विश्वविद्यालय में छठा स्थान प्राप्त किया है जबकि नवनीत नीरू ने 57.2% अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर डॉ जतिंदर पाल सिंह, डॉ प्रवीण कौर, प्रो रितु काम्बोज तथा प्रो इमरान खान।

## श्री गंगाराम पुनिया भा.पु.से. ने पुलिस अधीक्षक के तौर पर जिला पुलिस करनाल का कार्यभार संभाला

करनाल, सुखविंदर सोही

**करनाल।** आज सुबह श्री गंगाराम पुनिया भा.पु.से. द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल का पदभार ग्रहण किया गया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि जिला करनाल के सभी थाना व चौकीयों में शिकायतकताओं की शिकायतों का निर्धारित समय में व कानून के दायरे में रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला करनाल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ मुख्य कार्य महिला विरूद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित व उचित कार्यवाही, नशे के कारोबार पर सख्त कार्यवाही करने, लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निपटारा करना व जिला के मुख्य स्थानों पर पुलिस की दृश्यता बढ़ाना होगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व में घटित अपराधों व लंबित



मामलों की समीक्षा कर उनका तीव्रता से निपटारा किया जाएगा। हम सुनिश्चित करेगें कि पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित हो जिससे लोगों के मन में कानून के प्रति विश्वास बढ़े । हमारी कोशिश होगी कि पुलिस के स्लोगन सेवा, सुरक्षा व सहयोग को चरितार्थ किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को ओर बेहतर करने व लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने पर जोर दिया जाएगा एवं जनता से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की जान की हिफाजत करें। नशा करने वाले व्यक्तियों के संबंध में उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को जागरूक कर, खेलों व अन्य माध्यमों से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## विधायक जगमोहन आनंद ने निवास स्थान पर सुनी जनसमस्याएं, बोले- आम लोगों को योजनाओं का मिल रहा सीधा लाभ

करनाल, बिट्टू संधू

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार सुबह अपने निवास स्थान पर आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने एक-एक व्यक्ति की समस्या पर संज्ञान लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का गरीब व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है। सरकार के दरवाजे 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रति वे गंभीर है वह हमेशा उनके हितों के बारे में चिंतन करते रहते हैं। करनालवासियों की खुशहाली के लिए लोगों की समस्याओं दूर होना आवश्यक है। अधिकारी इसमें रुचि लेकर कम से कम समय में लोगों की



समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें विधायक चुनकर हरियाणा विधानसभा पहुंचाया है। यह जिम्मेदारी वह बखूबी निभाएंगे और करनाल से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल के सांसद व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी समस्याओं के संबंध में गंभीर है। यदि कोई विशेष समस्या सामने आती है तो तत्काल वे भी संज्ञान लेते हैं।

## हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना

करनाल, सुखविंदर सोही

**हरियाणा।** सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए बैंकों द्वारा 3 लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की योजना लागू की गई है। यह जानकारी महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक जगजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिला करनाल के लिये 48 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के अन्तर्गत जिन महिलाओं की पारिवारिक वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम हो, केवल हरियाणा की महिला उद्यमी तथा ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो, इस स्कीम की पात्र होगी। आवेदक पहले से लिए गए ऋ ण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा दी जायेगी। योजना के तहत डेरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोडकर अन्य सभी गतिविधियां शामिल हैं। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री-व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोकॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, हैन्डलूम बैग बनाना, कैंटीन सर्विस इत्यादि का अपना काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगें। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र राशन कार्ड/ परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिर्पोट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट/अनुभव प्रमाण पत्र।

## बागवानी के लिए स्मार्ट खेती समाधान पर राष्ट्रीय सम्मेलन 8 कोः डॉ. सुरेश मल्होत्रा

करनाल। सुखविंदर सोही

**करनाल।** बागवानी विभाग हरियाणा और भारतीय बागवानी सोसायटी नई दिल्ली के सहयोग से बागवानी के लिए स्मार्ट खेती समाधान पर 8 ओर 9 नवंबर को महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एमएचयू कुलपति माननीय डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के वरिष्ठ वैज्ञानिक भाग लेंगे ओर वर्तमान में बागवानी खेती को किस तरह से स्मार्ट खेती में तब्दील किया जाए, इस पर विचार विमर्श कर आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी। सम्मेलन में वर्तमान में बागवानी खेती में पेश आ रही चुनौतियों ओर दिक्कतों का समाधान किस तरह से किया जाए, इस पर गहनता के साथ मंथन किया जाएगा। माननीय कुलपति ने



बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं।

## भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारी नेता कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा से मिले

### कर्मचारियों की जॉब स्क्यिोरिटी से संबंधित रखी कैबिनेट मंत्री के सामने समस्या

यमुनानगर, नवंबर : भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारी नेता आशीष धीमान कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा से उनके निवास पर मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों के हित में हो रहे कार्यो को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बहुत से डिपार्टमेंटों में अभी तक भी जो जॉब सिक्योरिटी एक्ट में आते हैं, उनका डाटा सही तरीके से डिपार्टमेंट ने हैड ऑफिस नहीं पहुंचाया है, जिनमें पब्लिक हैल्थ, सिंचाई विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग जैसे कई विभागों का अभी तक का डाटा नहीं पहुंचाया



भारतीय मजदूर संघ के कर्मचारी नेता आशीष धीमान कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात करते हुए।

गया। उन्होंने कहा कि बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं जो लगभग 10 साल से कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन कर्मचारियों का डाटा 2018 से दिखा दिया गया है, जिससे उनके पिछले अनुभव का लाभ देने से अधिकारी बच रहे हैं। जबकि उन्होंने विभाग में अपनी सेवा दी हुई है। सबसे ज्यादा दिक्कत पब्लिक हैल्थ में आ रही है। उन्होंने बताया बिजली विभाग में सभी कर्मचारियों का डाटा हैड ऑफिस पहुंच चुका है,लेकिन अभी तक भी जॉब सिक्योरिटी एक्ट लागू नहीं किया गया। इसके लिए मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष इस बारे में अवगत कराया जाएगा और जल्द ही विधानसभा में इस ऑर्डिनेंस को पास भी करवाया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ कर्मचारी नेता विजय कंबोज, संजीव, राकेश, सुभाष, अवनीश आदि मौजूद रहे।

## नालियों की सफाई न होने से पनपने लगे हैं मक्खी और मच्छर, लोगों में बीमारी फैलने का भय

यमुनानगर, नवंबर : रादौर स्थित छिंबी मोहल्ला में नगरपालिका की ओर से महीनों से नालियों की सफाई नहीं करवाई गई। नालियों की सफाई न होने से जहरीले सांप निकलने लग गए हैं। मोहल्ला वासी अपने छोटे बच्चों को इन नालियों के पास भेजने से डरने लगे हैं क्योंकि इन जहरीले सांपों के काटने का खतरा बना रहता है। वहीं नालियों की सफाई न होने से मक्खी, मच्छर पनपने लगे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों की बार-बार मांग करने पर भी नगरपालिका कर्मचारी नालियों की सफाई नहीं करते, जिससे स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। स्थानीय निवासी मनीष कुमार, नीरज, संदीप, काला, साहिल आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा उनके घरों के आसपास गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन बिछवाई थी। पाइपलाइन आगे जाकर बड़ी नाली में मिलती है। बड़ी नाली की सफाई न होने से जहरीले सांप पाइपलाइन के माध्यम से घरों में घुस जाते है। जिससे उनके व उनके परिवारों को हर समय जान का खतरा बना रहता है।

नालियों की साफ सफाई न होने से मच्छर मक्खी पनपने लगे है। जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने नगरपालिका कर्मचारियों से मांग की कि छिम्बी मोहल्ला से धोबी मोहल्ला तक नदी पर जाने वाले नाले की सफाई करवाई जाये। जिससे उनको जहरीले सांपों से छुटकारा मिल सके। इस बारे नपा सफाई निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारियों को भेजकर जल्द से जल्द नालियों की सफाई करवा दी जाएगी।

# स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज की 135 वी जन्मदिवस पर कार्यक्रम।




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज की 135वी जन्मदिवस पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण करते हुए कहा कि आज ही के दिन भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज का जन्म हुआ था। स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ाव के कारण जमनालाल दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी द्वारा किए जा रहे सत्याग्रह से जुड़े रहे। दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत एवं एशियाई लोगों के नागरिक अधिकारो? के आंदोलन से जुड़े रहे। भारत लौटकर गांधीजी ने साबरमती में आश्रम स्थापित किया तो कई बार कुछ-कुछ दिन वहां रहकर जमनालाल महात्मा गांधी की कार्यप्रणाली के साथ ही उनके व्यक्तित्व को भी समझने की कोशिश करते थे. अंततः उन्हें आभास हुआ कि बापू के रूप में गुरु मिल चुके है। उन्होंने खुद को पूरी तरह से महात्मा गांधी को समर्पित कर दिया यह साल 1920 में हुए कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन की बात है. सेठ जमनालाल बजाज ने बापू ने आग्रह किया कि वह उनका पांचवां बेटा बनना चाहते हैं. यह सुनकर पहले तो गांधी को काफी आश्चर्य हुआ. हालांकि, बाद में उन्होंने सेठ जमनालाल की बात मान ली एवं बापू को पांचवां बेटा मिल गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि असहयोग आंदोलन के दौरान सेठ जमनालाल बजाज ने सबसे पहले अपने घर के कीमती रेशमी कपड़े जला दिए और जीवन भर खादी पहनने का संकल्प ले लिया. अंग्रेजी सरकार द्वारा दी गई राय बहादुर की पदवी छोड़ दी. 18 जून 1921 को वह गिरफ्तार कर लिए गए. डेढ़ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा मिली और 3000 रुपये का दंड लगा. इसके बाद 1923 के नागपुर झंडा सत्याग्रह, 1929 में साइमन कमीशन का बहिष्कार और 1930 में डांडी यात्रा में हिस्सा लिया. 1941 मं एंटी वॉर कैंपेन के साथ ही कई अन्य आन्दोलनों में सक्रिय रहे. डांडी मार्च के दौरान गांधी जी की गिरफ्तारी के बाद सेठ जमनालाल बजाज को भी दो साल नासिक सेन्ट्रल जेल में रहना पड़ा था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी जमुनालाल बजाज ने छुआछूत का भेद मिटाने में अहम भूमिका निभाई। सेठ जमनालाल ने बाल विवाह उन्मूलन नारी शिक्षा एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से भी लड़ाई लड़ी। अपने परिवार द्वारा बनवाए गए मंदिर के दरवाजे अछूतों के लिए खोले. घोर विरोध के बावजूद वर्धा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में दलितों के प्रवेश के लिए उनको विनोबा भावे की अगुवाई में सफलता मिली. अपने घर के परिसर, खेतों और बगीचों में स्थित कुओं को दलितों के लिए खोला. निर्धन परिवार के बच्चों की शादियां कराईं. इसके कारण महात्मा गांधी प्यार से उनको शादी काका भी कहा करते थे. सेठ जमनालाल ने गायों के संरक्षण, खादी के प्रचार-प्रसार व विकास, ग्रामीण और हिन्दी के विकास के लिए आगे बढ़कर काम किया। 11 फरवरी 1942 को मस्तिष्क की नस फट जाने से सेठ जमनालाल बजाज ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इस मंच के माध्यम से हम उन्हें श्रद्धांजलि करते हैं।

# बिहार के पश्चिम चंपारण में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मेन रोड घंटों जाम




(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला स्थित जगदीशपुर थाना के नया टोला कपूर्री चौक सोमवार को तेज रफ्तार से आ रही कार व बाईक की टक्कर में एक नव युवक की मौत हो गई।घटना के बाद गुस्साए परिजन व ग्रामीणों ने जगदीशपुर अरेराज मुख्य सड़क पर शव रख घंटों सड़क जाम रखा। दुर्घटनाग्रस्त कार व पुलिस की गाड़ी को गुस्साए ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ विवेक दीप व एसडीपीओ टु रजनीकांत प्रियदर्शी , इंस्पेक्टर के के पाठक, नौतन थाना अध्यक्ष राजेश कुमार जगदीशपुर थाना अध्यक्ष राहुल सिंह सहित सैकड़ों पुलिस बल पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों का सामना पुलिस प्रशासन को भी करना पड़ा मृतक की पहचान मझरीया किशुन के पैंतीस वर्षीय उमाशंकर प्रसाद के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक सब्जी खरीद कर घर वापस आ रहा था तभी बिटिया के तरफ से तेज रफ्तार से आ रही करने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। तीन बेटियों के पिता की मौत से गुस्साएं ग्रामीणों ने शव को मुख सड़क पर रख सड़क को जाम कर दिया एवं मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों की गुस्सा देखा जिला प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बलों की तैनाती की गई। पुलिस प्रशासन व 35 जिप सदस्य मनोज कुशवाहा मुखिया बसंत शाह मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद जदयू के प्रदेश सचिव दयानंद कुशवाह के सहयोग से परिजनों को समझा बूझाकर सड़क से जाम हटवाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद परिजनों में चीत्कार मचा हुआ है गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## उधार शराब को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**उरई।** थाना रेंढर क्षेत्रान्तर्गत धन्जा तिराहा ग्राम क्योलारी में देशी शराब की दुकान पर सेल्समेन से उधार की शराब मागने पर हुये वाद-विवाद के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी माधौगढ द्वारा बताया गया कि रेडर के ग्राम क्योंलारी में उधार शराब को लेकर दो पक्षों में विवाद हों गया, जिस पर दोनों के मध्य मारपीट होने लगी, खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया, पूछताछ कर विवाद के दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी।

## एसपी ने पंचनद स्नान मेला सुरक्षा के बंदोबस्त परखे



स्वदेश समाचार ■ उरई

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा आगामी कार्तिक पुर्णिमा पर्व के दृष्गित थाना रामपुरा क्षेत्र में स्थित पंचनदा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के लिये की गयी व्यवस्था के सम्बन्ध में जायजा लिया गया एवं सम्बन्धित अधिकारी /कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

रविवार को जनपद जालौन के प्रसिद्ध पंचनद स्नान मेला की व्यवस्थाओं को रखने के लिए पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा प्रवंधों के लिए अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए । रामपुरा थाना अंतर्गत जनपद जालौन के एकमात्र संगम तीर्थ पंचनद पर आगामी 14 नवंबर से प्रारंभ होने वाले 10 दिवसीय स्नान मेला में सुरक्षा के लिए संभावित उपायों को परखने के लिए पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर दुर्गेश कुमार, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह, क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने पंचनद तीर्थ पहुंचकर साथ पहुँचे आयोजन समिति से व्यवस्था को लेकर चर्चा की, तथा व्यवस्थाओ व सुरक्षा को परखा।

# भारतीय शिक्षा को वेदों और विज्ञान के समन्वय के साथ चलने की जरूरतः कुलपति डॉ. किशन

स्वदेश समाचार ■ कोंच



भारत की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव की जरूरत बताते हुए क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना मध्यप्रदेश के कुलपति प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने कहा, भारतीय शिक्षा व्यवस्था को वेदों और विज्ञान के समन्वय के साथ चलाने की जरूरत है।सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच के सहायक प्राध्यापक डॉ. आशुतोष मिश्रा ने गुना विश्वविद्यालय के कुलपति से भेंट कर विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा मे कुलपति प्रोफेसर डॉ. किशन यादव ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में भारतीय शिक्षा व्यवस्था को वेदों एवं विज्ञान के समन्वय के साथ संचालित करने की आवश्यकता है।भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए हमें अपने प्राचीन भारतीय आदर्शों, सिद्धातों एवं मूल्यों को आत्मसात करना ही होगा। किसी भी देश को उन्नति के लिए अपने अतीत को नहीं भूलना चाहिए। भारत का एक गौरवशाली अतीत रहा है।

हम अपनी सांस्कृतिक विरासत संरक्षित एवं संवर्धित कर भारत को पुनः विश्वगुरु बना सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कुलपति को कोंच नगर में शैक्षिक उन्नयन के लिए नगर आगमन का आमंत्रण दिया जिसे कुलपति ने सहर्ष स्वीकार कर जल्द ही कोंच में शैक्षिक उन्नयन के लिए विचार गोष्ठी एवं सेमिनार आयोजन की बात कही।

# भाई द्वारा शराब के लिए रुपये न देने पर बहन के साथ छेड़छाड की

■ जालौन-उरई

घर में घुसकर भाई से शराब के लिए रुपये मांगने और न देने पर बहिन के साथ छेड़छाड करने शिकायत पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर की है। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि एक नवंबर की शाम को वह अपने भाई के साथ घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी वहां रापटगंज निवासी प्रिंस आया और भाई से शराब के लिए रुपयों की मांग करने लगा। यह देखकर वह व भाई दोनों घर के अंदर आ गए। पीछे से वह भी जबरन घर में घुस आया और रुपये न देने पर उसके साथ अश्लीलता करने लगा। जब भाई ने विरोध किया तो गाली, गलौज कर वहां से भाग गया। कुछ समय बाद वह अपने लगभग आधा दर्जन साथियों के साथ आया और भाई के साथ मारपीट कर दी। इसकी सूचना भाई ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसके भाई व एक अन्य युवक को कोतवाली ले गई।

पीड़िता का आरोप है कि कोतवाली में उसके भाई के साथ मारपीट की गई और विपक्षियों से समझौता कराकर उसके भाई को छोड़ा गया। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## चंपारण में ब्राउन सुगर के साथ एक गिरफ्तार।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के हरैया थाना पुलिस ने मादक पदार्थ ब्राउन सुगर के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया हैं। इसकी जानकारी देते हुए रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आइसीपी बाइपास रोड में ओवरब्रीज के पास छापेमारी कर तुमड़ीया टोला निवासी सहादत मियां के पुत्र नयाज नबी के पास से 134 ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन सुगर बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी व्यक्ति वहां ब्राउन सुगर की खेप किसी दूसरे व्यक्ति को देने के लिए खड़ा है। जिसके बाद छापेमारी के लिए टीम गठित कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि नयाज नबी पर पहले से भी एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है और वर्ष 2022 में भी वह जेल जा चुका है। उक्त छापेमारी में हरैया थानाध्यक्ष अंजन कुमार के अलावे हरैया थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# घर-घर पूजी गयी दौज महारानी

## बहनों ने भाईयों को तिलक कर लंबी उम्र की कामना की

■ कोंच



भैया दूज का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने घरों के दरवाजों पर दौज महारानी की पूजा की वही दो दिन बंद चल रहे व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दौज की पूजा के साथ ही व्यवसायिक कार्य भी विधिवत प्रारंभ हो गए हैं। बहनों ने भाइयों के तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की और भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। महिलाओं ने घरों के दरवाजों पर गोबर से दौज महारानी की आकृति बनाई और घर की अन्य महिला सदस्यों, बहुओं, बेटियों के साथ मिलकर दौज महारानी की पूजा की। पुरूषों के लिए यह पूजा देखना और इसकी कहानी सुनना भी वर्जित है। बहनों ने भाइयों के तिलक कर उनका मुंह मीठा कराया और उनकी आरती उतार कर दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी उन्हें उपहार दिए और उनकी रक्षा करने का वचन दिया। इसके अलावा दीपावली पूजन के बाद दो दिन तक बंद रहे प्रतिष्ठान आज खुले, कांटा-बांट व अन्य उपकरण पूज कर दौज की पूजा की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस पूजा में व्यवसाय कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की पूजा का विधान है, इसके साथ ही व्यापारिक कार्य प्रारंभ हो गए हैं।

# एक बार फिर सजेगा मानवता का समागम

## 16 से 18 नवम्बर समालखा में होगा 77 वां वार्षिक निरंकारी सन्त समागम

■ कानपुर



3 नवम्बर 2024, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से मंत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी निरंकारी परिवार का 77 वां वार्षिक संत समागम 16, 17 एवं 18 नवंबर 2024 को आयोजित होने जा रहा है। आध्यात्मिकता का आधार लिए इस समागम पर प्रेम, शांति और एकत्व का संदेश दिया जाता है, जो निसंदेह समस्त मानवता के कल्याण के लिए होता है।

उपरोक्त जानकारी संत निरंकारी मण्डल के मेम्बर इंचार्ज परम पूज्य मोहन छाबड़ा जी ने संत निरंकारी सत्संग भवन के ब्लाक गोविन्द नगर में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुये प्रदान की। सभी भक्त समागम की सूचना पाकर अति उत्साहित हुये एंव करतल ध्वनि से अपने सदगुरू का धन्यवाद भी किया।

सर्वविदित है कि इस संत समागम की भव्यता केवल इसके क्षेत्रफल से रेखांकित नहीं होती, बल्कि यहाँ देश-विदेश से पधारने वाले लाखों श्रद्धालु भत्तों के भावों से इंगित होती है। निरंकारी संत समागम मानवता का एक ऐसा दिव्य संगम होता है।

## बाल रामलीला का हवन-पूजन के साथ हुआ शुभारंभ



■ कोंच

मुहल्ला प्रताप नगर भुंजरया तिराहे पर श्री बाल रामलीला का फीता कट कर उद्घाटन करते हुए उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा, भगवान राम न सिर्फ भारत देश की आत्मा हैं बल्कि समूचे विश्व में सनातन धर्मावलंबियों के आराध्य हैं। उनके श्रेष्ठ चरित्र से मानव मात्र को सीख लेकर चलने की जरूरत है। उन्होंने संकट के समय में भी न तो संयम खोया और न ही नैतिक मूल्यों से समझौता किया। उनके इसी चरित्र ने उन्हें भगवान बनाया।

श्री बाल रामलीला समिति के तत्वाधान में भुंजरया चौराहे पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन के साथ भगवान राम का अनुजों लक्ष्मण भरत एवं रिपुसूदन के साथ प्राकट्य हुआ। उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने फीता काट कर रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया और भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का तिलक कर आरती उतारी। गौरतलब है कि यह रामलीला दीपावली की दौज से प्रारंभ होकर 15 दिनों तक चलेगी जिसमें रात्रि साढ़े आठ बजे से भगवान राम की मनोहारी लीलाओं का मंचन किया जाएगा। यह परंपरा पिछले कई दशकों से अनवरत चली आ रही है।

श्री बाल रामलीला समिति के वरिष्ठ संरक्षक हरिओम यादव फटूले ने बताया, आज भगवान राम के प्राकट्य के साथ इस रामलीला का शुभारंभ हो गया है। प्रतिदिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन को लीलाओं के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। रामलीला का शुभारंभ पं. विजय मिश्रा एवं पं. पिंकू महाराज द्वारा पूजन अर्चन करवा कर किया गया।

इस दौरान बाल रामलीला समिति के अध्यक्ष ब्रजभूषण खरे, सभासद दंगल यादव, छोटू राठौर, रामदास लक्षकार, जितेंद्र निरजंन, रामसहाय सेठ, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, रामकिशोर पुरोहित ललिया, सीताराम अमीन, अरुण कुमार वाजपेयी, सुनीलकांत तिवारी, नरेश वर्मा, अमित उपाध्याय, रुचिर रस्तोगी, सुनील यादव, छोटू बेहरे, राजेश्वरी यादव, अर्पित वाजपेयी, मारुतिनंदन लाक्षकार, विवेक लक्षकार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## माँ रतनगढ़ जाने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया

**कोंच।** दीपावली की दौज व गोधन पर सीमावर्ती मध्य प्रदेश के दतिया जिले में स्थित प्रसिद्ध माँ रतनगढ़ देवी मंदिर में लगने वाले विशाल मेले में शामिल होने के लिए हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कोंच तहसील क्षेत्र के एक ओर नदीगांव व दूसरी ओर सलैया कैलिया के रास्ते हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जाने का क्रम शनिवार को लगातार देखने को मिला। कैलिया, सलैया सहित इन दोनों रास्तों में स्थित गांवों के बाहर संबंधित ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद बांटा गया। कोंच नगर में भी कैलिया बाईपास पर दोहर मंदिर चौराहा पर रतनगढ देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित तमाम लोगों ने भंडारा प्रसाद बांटा।

# सनातनी घरों में हुई गोवर्धन महाराज की पूजा

■ कोंच





दीपावली पर्व के ठीक अगले दिन होने वाली गोवर्धन पूजा इस वर्ष एक दिन बाद परंपरागत रूप से मनाई गई।

सुबह ही लोगों ने स्नानादि से निवृत होकर घर के आंगन में गौ माता के गोबर से गोवर्धन नाथ की अल्पना बनाकर दीपक जलाते हुए पूजन किया और नाना प्रकार के पकवान व मिष्ठान्न का भोग लगाकर उनकी आरती उतारी जिसके बाद गोवर्धन नाथ को अर्पित किया गया प्रसाद बांटा गया।गोवर्धन पूजा के पौराणिक महत्व को देखते हुए नगर क्षेत्र में गौ माता सहित भगवान श्रीकृष्ण व वरुणदेव, इंद्रदेव, अग्निदेव की भी पूजा कर घर परिवार की रक्षा की प्रार्थना की गयी। धार्मिक पौराणिक मान्यता के अनुसार गोवर्धन (अन्नकूट) पूजा भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारंभ हुई है। श्रीकृष्ण इंद्रदेव का अभिमान चूर करना चाहते थे इसके लिए उन्होंने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठाकर गोकुलवासियों की इंद्र के रौद्र रूप से रक्षा की थी। माना जाता है कि इसके बाद श्रीकृष्ण ने स्वयं कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन 56 भोग बनाकर गोवर्धन पर्वत की पूजा की थी तभी से गोवर्धन पूजा की प्रथा अनवरत कायम है।

# कांग्रेस अध्यक्ष की स्वीकारोक्ति

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में की गईं पांच गारंटियों में से एक शक्ति योजना अब उसी के गले की फांस बन गई है। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने यह योजना 11 जून 2023 को लॉन्च की थी। इस योजना के तहत राज्य में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी जाती है। एक साल बीतते-बीतते शक्ति योजना सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा और जेडीएस के साथ-साथ स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी कर्नाटक में अपनी सरकार की गारंटी योजनाओं पर सवाल उठाए हैं। खडगे ने साफ कहा कि उतने ही वादे कीजिए जितने पूरे किए जा सकें। गारंटी की घोषणा बजट के आधार पर की जानी चाहिए। कर्नाटक सरकार को खडगे की यह नसीहत एक तरह से इस बात की स्वीकारोक्ति है कि सत्ता प्राप्त करने के लिए कांग्रेस जनता से झूठे वादे करती है। कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार में पांच गारंटी दी थीं। इनमें गृह लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए, युवा निधि के तहत बेरोजगार ग्रेजुएट्स को दो साल के लिए तीन हजार व डिप्लोमाधारकों को 1500 रुपए, अन्न भाग्य योजना में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले प्रत्येक परिवार को हर महीने प्रति व्यक्ति 10 किलोग्राम चावल, शक्ति योजना के तहत महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा और गृह ज्योति योजना के तहत हर घर को 200 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल है। अगर कांग्रेस इन पांचों गारंटियों को पूरा करती है तो इससे कर्नाटक का राजस्व घाटा 60 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपए हो जाएगा। कर्नाटक राज्य पर लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का पहले से ही कर्ज है। 18 अक्टूबर 2024 तक राज्य सरकार ने शक्ति योजना में 7507.35 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इस योजना के तहत 311.07 करोड़ महिलाओं ने मुफ्त में यात्रा की है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा था कि कुछ महिलाएं बस का किराया चुकाने की बात कह रही हैं। इसलिए इस योजना की समीक्षा की जाकर पुनर्विचार किया जाएगा। इस बयान के बाद से शक्ति योजना पर सवाल उठने लगे हैं। माना जा रहा है कि इस योजना की वजह से कर्नाटक सरकार के बजट पर भारी असर पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष खडगे के बयान पर सोशल मीडिया एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करते हुए कांग्रेस के चुनावी वादों पर सवाल उठाए। मोदी ने लिखा कि कांग्रेस को अब यह एहसास हो रहा है कि झूठे वादे करना आसान है लेकिन उन्हें लागू करना असंभव है। हर चुनाव प्रचार में कांग्रेस जनता से ऐसे वादे करती है। जिनके बारे में उन्हें भी पता है कि वे कभी लागू नहीं हो पाएंगे। आज हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। जहां विकास की दिशा और आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। इन राज्यों में कांग्रेस की तथाकथित गारंटियां अधूरी पड़ी हैं जो इन राज्यों की जनता के साथ घोर विश्वासघात है। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन तक नहीं मिल रह है और तेलंगाना में किसान ऋण माफी का इंतजार कर रहे हैं।

## संतवाणी



किसी की निंदा ना करें। अगर आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरुर बढाएं। अगर नहीं बढ़ा सकते, तो अपने हाथ जोड़िये, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिये, और उन्हें उनके मार्ग पे जाने दीजिये। - **स्वामी विवेकानंद,** आध्यात्मिक गुरु

सामयिक



शाहीन सबा

# भारत की माटी से सुवासित तीन अमेरिकी राष्ट्रपति



अगर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनी और फिर वह नई दिल्ली का दौरा करती हैं, तो वह भारत का दौरा करने वाले अपने देश के डी. आइजनहावर (1959), रिचर्ड एम. निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978), बिल क्लिंटन (2000), जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2006), बराक ओबामा - 2010 और 2015, डोनाल्ड ट्रंप (2020) और जो बाइडेन (2023) जैसे राष्ट्रपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगी।

अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए मतदान होगा। उसके बाद होगी मतगणना और फिर पता चलेगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होंगे या भारतवंशी कमला हैरिस। पर राजधानी दिल्ली में एक नहीं बल्कि तीन अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी सांकेतिक रूप से मौजूद हैं। ये तीनों राष्ट्रपति के रूप में कभी भारत में नहीं आए। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन. एफ कैनेडी व्हाइट हाउस में रहते हुए तो कभी भारत की यात्रा पर नहीं आए थे। पर उनके नाम पर खुशबू बिखेरता एक प्रतीक राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान ( पहले मुगल गार्डन) में है। कैनेडी नाम के गुलाब के फूलों की एक प्रजाति अमृत उद्यान के मालियों ने उनकी हत्या के बाद विकसित की थी। कभी अमृत उद्यान जाएं तो कैनेडी की मधुर मुस्कान की तरह उनकी याद में विकसित गुलाब के गुलों की सुंदर क्यारियों को भी निहार लें। आपको अच्छा लगेगा। आपको कैनेडी गुलाब को देखने के बाद अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के नाम पर गुलाब की प्रजाति को अमृत उद्यान में देखना होगा। मतलब अमेरिका के दो महान राष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति भवन में स्थायी रूप से अपनी स्थायी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

कैनेडी को 1964 के शुरू में भारत की सरकारी यात्रा पर आना था। तब उनका राजधानी में 1959 के अंत में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग को देखने का कार्यक्रम तय था। बीसवी वीं सदी के महानतम आर्किटेक्ट माने जाने वाले फ्रेंक लायड राइट कहते थे कि स्थापत्य की दृष्टि से अमेरिकी एंबेसी अद्वितीय है। जाहिर है, राइट की टिप्पणी के बाद कैनेडी को पता चल ही गया होगा कि नई दिल्ली में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग अमेरिकी आर्किटेक्ट एडवर्ड डुरेल स्टोन की रचनाधर्मिता का चरम है। सच में 27 एकड़ में बनी अमेरिकी एंबेसी अपने आप में उत्कृष्ट है। कैनेडी इसे देखकर प्रसन्न अवश्य होते। पर अफसोस कि कैनेडी की 22 नवंबर,1963 को डलास में हत्या कर दी जाती है। उनकी अकाल मृत्यु से दुनिया स्तब्ध हो गई। इस तरह वे राष्ट्रपति पद पर रहते हुए तो भारत नहीं आ सके। वे 1955 में भारत घूमने के लिए आए थे। पर श्रीमती जैकलीन कैनेडी 21 मार्च,1962 को भारत यात्रा पर आईं थीं। उनकी उस यात्रा की सारी तैयारी अमेरिका के एंबेसेडर जॉन कैनिथ गेलब्रिथ देख रहे थे। वे कैनेडी के विश्वासपात्र और भारत के मित्र थे। जैकलीन कैनेडी का पालम एयरपोर्ट पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अन्य गणमान्य हस्तियों ने स्वागत किया था। उसी साल पालम एयरपोर्ट चालू हुआ था। अब इसका इस्तेमाल लगभग नहीं होता है। जैकलीन कैनेडी महात्मा गांधी की समाधि पर भी गईं थीं। उस समय खूबसूरत जैकलीन कैनेडी मात्र 32 साल की थीं और उनकी शख्सियत भी अपने पति की तरह आकर्षक थीं।

खैर, कोई वजह ही रही होगी कि कैनेडी अपनी पत्नी के साथ नहीं आ पाए। राजधानी दिल्ली में जैकलीन कैनेडी चाणक्यपुरी स्थित अमेरिकी एंबेसी में राजदूत के आवास में ठहरी। उसे रूजवेल्ट हाउस कहा जाता है।

फ्रैंकलिन रूजवेल्ट भी दिल्ली में- अमेरिका के 32 वें राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट के नाम पर है रूजवेल्ट हाउस है। रूजवेल्ट भी कभी भारत नहीं आए। वे भारत की आजादी को लेकर गंभीर थे। उन्हें महात्मा गांधी ने 1 जुलाई 1942 को एक पत्र लिखकर कहा था कि वे युद्ध से घृणा करते हैं और ब्रिटेन को भारत से तत्काल अपना शासन हटा लेना चाहिए। उन्होंने लिखा था, 'भारत पर ब्रिटेन के शासन को नापसंद किया जाता है। इसलिए ब्रिटेन को भारत से तत्काल अपना शासन समाप्त कर देना चाहिए।' इस पत्र को संदेशवाहक के रूप में गांधी जी के भावी जीवनीकार लुई फिशर अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट के पास लेकर गए थे। रूजवेल्ट ने 1 अगस्त 1942 को सकारात्मक जवाब दिया। गांधी जी ने पत्र इसलिए लिखा था ताकि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर भारत को आजादी दिलवाने में मदद करेंगे। मतलब भारत छोड़ो आंदोलन से ठीक पहले गांधी जी अन्य विकल्पों को देख रहे थे। रूजवेल्ट ने आगे चलकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से कहा भी था कि वे भारत को स्वतंत्र करें। बहरहाल, रूजवेल्ट हाउस में कला, साहित्य, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों की हस्तियों को अमेरिकी राजदूत आमंत्रित करते हैं।

अगर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनी और फिर वह नई दिल्ली का दौरा करती हैं, तो वह भारत का दौरा करने वाले अपने देश के डी. आइजनहावर (1959), रिचर्ड एम. निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978), बिल क्लिंटन (2000), जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2006), बराक ओबामा - 2010 और 2015, डोनाल्ड ट्रंप (2020) और जो बाइडेन (2023) जैसे राष्ट्रपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगी। पिछले साल जब नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन हो रहा था, तो कुछ अटकलें थीं कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते राष्ट्रपति जो बाइडेन शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो पाएंगे। उनकी जगह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भारत आएंगी। उस समय आशा थी कि वह अपनी मां श्यामला गोपालन के लेडी इरविन कॉलेज में भी जाएंगी। बेशक, उन्हें कॉलेज की इमारत के बारे में कुछ जानकारी होगी क्योंकि कमला की मां ने उन्हें अपने कॉलेज के दिनों के बारे में बताया होगा। हालांकि उनकी नई दिल्ली की यात्रा की संभावना तब समाप्त हो गई थी जब जो बाइडेन आखिरकार यहां आए।

ट्रंप क्या नहीं कर सके थे राजघाट में- इस बीच, कई चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होते दिखाया गया है। वे भारत के मित्र के रूप में अपने को स्थापित करते जा रहे हैं। वे 2020 में भारत आए थे। वे तब राजघाट भी गए थे। पर वे गांधी जी की समाधि पर कोई पौधा नहीं लगा सके थे। अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपनी 2005 की यात्रा के समय राजघाट पर एक पौधा अवश्य लगाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2015 में बापू की समाधि राजघाट पर बोधि वृक्ष का पौधा लगाया था। माना जाता है कि बोधगया में बोधि पेड़ के नीचे तपस्या कर रहे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तब से बोधि पेड़ का अलग स्थान है। यह शांति का प्रतीक माना जाता है। हालांकि ओबामा ने तब इधर कोई पौधा नहीं लगाया था जब वे यहां 2010 में आए थे। हालांकि वे इधर काफी समय ठहरे थे। उन्हें संपूर्ण गांधी साहित्य भेंट किया गया था। राजघाट में अंतिम पौधा 11 फरवरी 2016 को अबू धाबी के युवराज व संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च उप सेनाध्यक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा मोलश्री का पौधा लगाया था।

विदेशी अखबारों के झरोखे से



डॉ. सुब्रतो गुहा

# केजरीवाल की सनातन विरोधी सरकार



**निशाने पर सनातन उत्सव :** प्रदूषण विरोधी सभी कानूनों तथा हिन्दू उत्सव दीपावली के अवसर पर पटाखों पर लगे प्रतिबंध के घोर उल्लंघन के फलस्वरूप भारतीय राजधानी नई दिल्ली के निवासी प्रदूषित हवा में सांस लेने में असमर्थ है। दो करोड़ जनसंख्या वाले इस शहर का वातावरण इस हिन्दू उत्सव के पटाखों के कारण पूर्णतः प्रदूषित हो गया और इससे कैंसर एवं अन्य खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली राज्य की सरकार द्वारा पटाखों की जगह दीपक जलाकर ही दीपावली मनाने की सख्त हिदायत के बावजूद केन्द्र सरकार नियंत्रित दिल्ली पुलिस हिन्दू धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए पटाखों पर प्रतिबंध के नियम के कठोर क्रियान्वनय से हिचकती रही।

- **द डॉन,** कराची, पाकिस्तान

(**टिप्पणी-** लीजिए अब इस्लामी गणतंत्र पाकिस्तान को भी अफसोस है कि दिल्ली की आतिशी एवं अरविंद केजरीवाल की सनातन विरोधी सरकार तथा दर्जनों अन्य वामपंथी एवं सेकुलर दलों व संगठनों के सभी प्रयासों के बावजूद दिल्ली एवं भारत के अधिकांश अन्य हिस्सों में सनातन हिन्दू समाज अपना सबसे बड़ा धार्मिक उत्सव दीपावली पारंपरिक पटाखों व आतिशबाजी के साथ उल्लासपूर्वक मनाने में सफल हो गया। शीतऋतु में दिल्ली में प्रदूषण पंजाब एवं हरियाणा के किसानों द्वारा पराली जलाने से बढ़ता है, यह एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित तथ्य है, परन्तु हिन्दू उत्सव दीपावली पर दोष देकर सनातन धर्म को बदनाम करने का प्रयास वागाह सीमा के दोनों ओर चलता है। वैसे समूचे भारत में इस्लामी उत्साव शबे-बारात 25 दिसंबर व एक जनवरी नववर्ष पर रातभर चलने वाले प्रदूषण मुक्त पटाखे किस कारखाने में बनते हैं- कोई तो बताए।)

**बांग्लादेशी हिन्दुओं का कौन सहारा?**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति तथा वर्तमान राष्ट्रपति चुनाव में शक्तिशाली उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के हिन्दू रहवासियों को दिए दीपावली संदेश में कहा बांग्लादेश में हिन्दुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों के जानमाल पर हो रहे निरंतर हमलों का मैं कठोर शब्दों में निंदा करता हूं तथा वादा करता हूं कि राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में बसे हिन्दुओं की सुरक्षा हेतु समस्त आवश्यक कदम उठाऊंगा। वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा उपराष्ट्रपति कमला हेरिस ने हिन्दू हितों की अवहेलना की है और यदि इनकी जगह मैं राष्ट्रपति होता तो बांग्लादेश में धार्मिक हिन्दू विरोधी हिंसा रोकने कठोर कदम उठाता। अमेरिका भारत एवं कई अन्य देशों के प्रमुख हिन्दू संगठनों ने डोनाल्ड ट्रंप के उक्त बयान का स्वागत किया है।

- **साऊथ चायना,** मोर्निंग पोस्ट, हांगकांग

(**टिप्पणी-** दिनांक पांच अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री हसीना वाजेद के तख्तापलट के बाद से हुए निरंतर हिन्दू विरोधी हिंसा में हजारों हिन्दू घरों, दुकानों, संपत्तियों में आगजनी, सैकड़ों, हत्याओं व बलात्कारों, सैकड़ों मंदिरों के विध्वंस की साक्षी विश्व की निष्पक्ष मीडिया रही है, परन्तु फिलीस्तिन, गाजा, लेबनान में मुस्लिम चीखों और आसुओं से भावुक होकर आंसू बहाने वाले विश्व के सेकुलर, प्रगतिशील बुद्धिजीवी, बांग्लादेशी हिन्दुओं के हा-हाकार के स्वर सुन नहीं पाए तथा मौनव्रत धारण कर लिया, परन्तु अब मौनव्रत तोड़कर यही लोग पूछ रहे हैं- डोनाल्ड ट्रंप ने हिन्दुओं के पक्ष में बयान क्यों दिया?)

**देशी मूल बनाम विदेशी मूल** - यह एक विमर्श का विषय बन गया है कि डेमोक्रेटिक पार्टी की भारतीय मूल की राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हेरिस आखिर डेमोक्रेटिक पार्टी भारतीय मूल के मतदाताओं का समर्थन क्यों खोने लगी है और विदेशी मूल के रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को अधिकाधिक संख्या में भारतीय मूलक के अमेरिकी मतदाता समर्थन क्यों दे रहे हैं। कारनेगी एनडाउमेंन्ट फोर इंटर नेशनल पीस नामक प्रतिष्ठित संगठन के सर्वेक्षण से ही यह विमर्श प्रारंभ हुआ है।

- **अल जजीरा,** दोहा, कतर

(**टिप्पणी-** अमेरिका में बसे भारतीय मूल के मतदाता इस तथ्य को समझ चुके हैं कि आपकी धार्मिक, सांस्कतिक व राष्ट्रीय हितों के पक्ष में खड़ा होने वाला व्यक्ति ही आपका सच्चा हितैषी है, फिर वह विदेशी मूल का ही क्यों न हो। 2016 से 2020 के अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में ट्रंप ने केवल कहा नहीं, बल्कि यथार्थ के धरातल पर स्वयं को भारत एवं हिन्दू समाज का शुभचिंतक प्रमाणित किया है, भारतीय मूल के अमेरिकी मतदाता तभी तो कह रहे हैं - जो हमारे साथ, हम उनके साथ।

**(लेखक अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक हैं)**

निठल्ला चिंतन



प्रदीप औदिच्य

# तुम तो मेरा नाम बदल देना...

ये चुनौती आपने कई बार सुनी होगी। अपनी मर्जी से नाम बदलते हुए कई लोग है। नाम को लेकर बड़ी माथापच्ची है। एक व्यक्ति के कई नाम हो सकते है, मां-बाप कुछ जो कहते आए हैं, पत्नी उसे बदल देती। पत्नी जो कहती है, उसे ऑफिस वालों को नहीं पता। ऑफिस में कुछ और होता है, दोस्त ऐसे नाम से बुलाते है जो आधार कार्ड पर नहीं लिखा जा सकता। मतलब नाम की महिमा निहारी है।

व्यक्ति के जिंदगी में नाम को लेकर चली आ रही गड़बड़ थम ही नहीं रही। स्कूल में नाम और जन्म प्रमाण-पत्र में अंतर है तो जाओ, शपथ पत्र बना लाओ, शपथ लेकर कहना पड़ता है कि उक्त दोनों नाम उसके हैं, पहले वह इस नाम से जाना जाता था, अब इस नाम से, तो भाई क्या अब पुराने नाम से कोई आवाज देगा तो तुम नहीं सुनोंगे, बिल्कुल सुनोंगे। सुनना ही पड़ेगा,क्योंकि वह दिमाग में रहेगा। ये तो कागज में रहेगा।

सरकार ने कहा नाम तो लिखना चाहिए। कइयों की दुकानें हिल गई। बोर्ड बदले तो अनिल के पीछे से आदिल निकला। दुकान पर असली नाम लिखाना जरूरी हुआ तो पेट दर्द हुआ कहने लगे ये गलत बात है,हमारी मर्जी हम किसी भी नाम से दुकान चलाएं, ठीक है पर बाजार का बंटवारा तुमने ही तो किया था, तुम्हें ही अपनी तरीके से का सामान खरीदना था। अब ये अपनी दुकान-दुकान कर लो, जहां



देश तुम्हें अपना चाहिए था, तो बिना संकोच कह दिया, हम हमारा देश दे दो। जब अपनी पसंद का देश लेने में नहीं हिचके। यहां तो हमें सामान खरीदने में ही अपनी मर्जी चल रही है।

बेचारे अपने ही देश में इतनी मर्जी का काम ही कर लेने दो। वैसे एक बात बताऊं सही बात तो ये है कि छुपा छुपी अभी की नहीं है। जब ये इधर आए तो मंदिर छुपा दिए। उनके ऊपर मस्जिद बना ली। हमारी किले छुपा दिए उन पर खुद के नाम लिख दिए, जी ये फलां जी ने बनवाया था।

सड़कें अपने नाम की चाहिए।

शिला पट्टिका पर नाम होने न होने को लेकर कई बार इतना मुक्कमल काम हुआ कि किसी के हाथ में शिला थी किसी के सिर पर अस्पताल की पट्टी। राजनीति पर ये आरोप लगाया जाता है कि नेता नाम के लिए लड़ते है, ऐसा नहीं है नाम की लड़ाई तो घर से ही शुरू हो जाती है,

शादी में फूफा जी इसलिए लड़ते है कि उनका नाम कार्ड पर क्यों नहीं और अगर है भी तो छोटे अक्षर में क्यों है?

फिल्मी दुनिया में कई फिल्म कलाकार नाम बदल कर काम कर रहे है उन्हें लोग नए नाम से ही बुलाते है, पुराना याद ही नहीं रहता।

नाम गुम जाएगा, चेहरा ये बदल जाएगा ये गीत आपने सुना होगा। इस गीत में भी नाम खो जाने की बात हुई है मतलब साफ है नाम ऐसी चीज है ये खोया पाया रहता है।

अगर खो भी गया तो नया मिल जाने की उम्मीद रहती है। नाम के साथ एक चीज और जुड़ी है वह बदनाम यानी बुरा होना ये नाम बदनाम कई तरीके से अच्छा बुरा होता है, किसी के लिए बदनाम होना नाम होने से ज्यादा मुफीद रहता है।

आपके शहर में कुछ नाम वाले लोग भी होंगे बदनाम भी होंगे। रास्ते में खड़ी गाड़ी को साइड से लगा लेने की गुजारिश इस पर ही निर्भर रहती है कि गाड़ी का मालिक कौन है?

नाम वाले से आप गुजारिश कर भी सकते है,बदनाम वाले को देखकर ही दूर से आप ही साइड से चले जाएंगे।

नाम की ताकत से ज्यादा बदनाम की होती है।

अगर आप इस को आजमाना चाहते है तो किसी नाम वाले से दोस्ती करके देखो या बदनाम वाले से दोस्ती करके देखो, काम आपके बदनाम वाला ही आएगा। इसलिए दुनिया में राम को पूजते है मानते नहीं रावण को पूजते नहीं मानते बहुत है, कि बड़ा आदमी तो रावण ही था।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**



रमेश शर्मा

जयंती आज

# सशस्त्र क्रांति के प्रेरणास्त्रोत भाई परमानंद

भारत की स्वतंत्रता के लिए असंख्य बलिदान हुए। इनमें कुछ बलिदानी ऐसे भी हैं जिनकी पीढ़ियों ने राष्ट्र, संस्कृति और स्वत्व के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। भाई परमानंद ऐसे ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं, जिनकी हर पीढ़ी ने राष्ट्र रक्षा के लिए जीवन समर्पित किया। ऐसे सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 4 नवंबर 1876 को झेलम जिले के करियाला गांव में हुआ। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए भाईजी की हर पीढ़ी ने बलिदान दिया है। गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास इन्हीं के पूर्वज थे। उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं जिसने इस राष्ट्र के लिए बलिदान न दिया हो। भाई सतिदास, भाई बालमुकुन्द जैसे बलिदानी भी इसी वंशवृक्ष के अंग थे। भाई परमानंद के पिता भाई ताराचंद ने अपनी किशोरवय में 1857 की क्रान्ति के संदेश वाहक के रूप में भूमिका निभाई थी। उस क्रान्ति की असफलता के बाद वे आर्य समाज से जुड़े और भारत के सांस्कृतिक गौरव जागरण में लग गए। राष्ट्र और संस्कृति के लिए समर्पित भाई परमानन्दजी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने लिए दो भूमिकाएं निश्चित कीं। पहले आर्य समाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक बने, वे एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी थे। साथ उन्होंने राष्ट्र और सांस्कृतिक जन जागरण के लिए युवकों की टोलियां तैयार कीं। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे उनसे प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने देशभर की यात्राएं



कीं तथा यात्रा के बीच ही 1914 में तवारिखे-हिन्द नामक ग्रंथ की रचना की जो इतिहास की एक प्रेरणादायी पुस्तक है। अंडमान जेल के पाँच वर्षों में भाई जी ने जो अमानवीय यातनाएँ सहन कीं, उनपर भी उन्होने 'मेरी आपबीती' नामक पुस्तक की रचना की उनका वर्णन पढ़कर रोंगटे खड़े होते हैं। इनका उल्लेख प्रो. धर्मवीर द्वारा लिखित पुस्तक 'क्रान्तिकारी भाई परमानन्द' ग्रन्थ में है। जेल से मुक्त होकर भाईजी ने पुनः लाहौर को अपना कार्य क्षेत्र बनाया। लाला लाजपतराय भाईजी के अनन्य मित्रों में थे। उन्होंने राष्ट्रीय विद्यापीठ की स्थापना की तो उसका कार्यभार भाई जी को सौंपा गया। इसी महाविद्यालय में भगतसिंह एवं सुखदेव आदि पढ़ते थे। भाई जी ने उन्हें सशस्त्र क्रान्ति के यज्ञ में आहुतियाँ देने के लिए प्रेरित किया था। भाईजी ने 'वीर बन्दा वैरागी' पुस्तक की रचना की, जो पूरे देश में चर्चित रही। इसी बीच असहयोग आंदोलन आरंभ हुआ। लेकिन इस आन्दोलन के साथ खिलाफत आंदोलन के जुड़ने का भाई जी ने कड़ा विरोध किया। 1933 में हिंदू महासभा के अजमेर अधिवेशन में भाई जी अध्यक्ष चुने गए। अंततः भाई जी की आशंका समय के साथ सही साबित हुई और भारत का विभाजन हो गया। यह वेदना उनके हृदय में इतनी गहरी हुई कि वे बीमार पड़ गए तथा 8 दिसम्बर 1947 को उन्होंने इस संसार से विदा ले ली। मध्यप्रदेश में राज्यपाल रहे डॉ. भाई महावीर इन्हीं के चिरंजीव थे वे भी जीवनभर अपने पिताश्री के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र और संस्कृति के लिए समर्पित रहे। भाईजी की स्मृति को बनाए रखने के लिए दिल्ली में एक व्यापार अध्ययन संस्थान का नामकरण उनके नाम पर किया गया है तथा 1979 में भारत सरकार ने उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी किया।

## जनमानस

### न्यूज चैनल

भारतीय न्यूज चैनलों में प्रतिस्पर्धा का ऐसा दौर जारी है सकारात्मक खबरें सिर्फ 100 खबरों में ही दिखाई जाती है और राजनीतिक दलों उनकी विसात उनकी हर चालों पर पैनी नजर रखने वाले चौथे स्तम्भ को कहा ले जाने में लगे हुए हैं। गांव जंगल या सीमा पर खड़ा प्रहरी किस तरह अपना फर्ज निभाता है। पर्व त्योहार कैसे मानता है, इसमें कोई भी न्यूज नहीं बनती। - **हरिहरसिंह चौहान,** इंदौर

### वीआईपी संस्कृति

वीआईपी से आम श्रद्धालु को परेशानी नहीं हो। मंदिरों में वीआईपी संस्कृति के जारी रहने तथा नेताओं पर शासन की कृपा और प्रशासन की बेबसी से आम श्रद्धालु दर्शन को तरस जाते हैं। मप्र के पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर वीआईपी संस्कृति नासूर बन चुकी है, जिसका उपचार भी जरूरी है। महाकाल में ऐसी घटनाएं आए दिन होने से प्रशासनिक अधिकारी भी लाचार हैं।

न्यूजीलैंड ने टेस्ट सीरीज में किया क्लीन स्वीप

# बल्लेबाजों ने किया निराश, तीसरा टेस्ट 25 रन से हार

## एजाज पटेल को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

एजेंसी □ मुंबई

टॉम लैथम की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड की टीम ने रविवार को तीसरे टेस्ट मैच में भारत पर 25 रनों हराकर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में एतिहासिक क्लीन स्वीप किया। एजाज पटेल को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं विल यंग को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

न्यूजीलैंड ने 92 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार भारतीय टीम को उनकी सरजमीं पर क्लीन स्वीप किया है। न्यूजीलैंड टीम ने पहली बार 1955 में भारत का दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हार गयी थी। सीरीज के तीन मैच ड्रॉ रहे थे। फिर 1965 में न्यूजीलैंड की टीम भारत आई और इस बार भी उन्हें एक भी टेस्ट जीतने का मौका नहीं मिला। चार टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत ने न्यूजीलंड को 1-0 से हराया था। और तीन मैच ड्रा रहे थे। इसके बाद न्यूजीलैंड 1969 में भारत का दौरे पर आयी और उस वक्त भारतीय धरती पर पहला टेस्ट जीता था। यह तीन मैचों की सीरीज न्यूजीलैंड 1-1 से बराबरी करने में कामयाब रही थी।

रविवार को यहां भोजनकाल के बाद जीत की ओर बढ़ रहे भारत को 22वें ओवर में एजाज पटेल ने ऋषभ पंत (64) को आउट कर झटका देते हुए न्यूजीलैंड की मैच में वापसी करा दी। पंत ने अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। रिप्लेयर के अनुसार गेंद बल्ले से लगकर पैड पर लगाते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडल के हाथों में गई थी। पंत को तीसरे अम्पायर ने गलत आउट करार दिया। इसके बाद अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन ग्लेन फिलिप्स ने अश्विन (आठ) को और इसी ओवर में ग्लेन ने आकाश दीप (शून्य) आउटकर भारत की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 30वें ओवर में एजाज ने वॉशिंगटन सुंदर (12) को बोल्ड कर 121 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर मुकाबला 25 रनों से जीत लिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। यह पहली बार हुआ है जब भारत घर पर टेस्ट सीरीज हारी है। इस हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक तालिका में भी भारत को बड़ा धक्का लगेगा।



### मैं एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप में विफल रहा-रोहित



न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि कप्तान तथा बल्लेबाज के रूप में वह विफल रहे और इस हार को पचा पाना आसान नहीं है। रोहित ने कहा, जाहिर तौर पर एक टेस्ट और श्रृंखला हारना कभी भी आसान नहीं रहता है। हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली और हम इसे स्वीकार करते हैं। न्यूजीलैंड ने हमसे बहुत बेहतर क्रिकेट खेली। हमने बहुत गलतियां की और हम सभी को इसे स्वीकारना होगा। उन्होंने कहा, हमने पहली पारी में स्कोरबोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बनाए, इसलिए हम खेल में पीछे थे। लेकिन यहां हमारे पास पहली पारी में 30 रनों की बढ़त थी और हमें लगा कि हम खेल में आगे हैं। यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता था, हम और बेहतर कर सकते थे। उन्होंने शुभमन गिल, ऋषभ पंत और वॉशिंगटन सुंदर की तारीफ करते हुए कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में विशेष योजनाएं होती हैं, लेकिन इस श्रृंखला में परिणाम मेरे पक्ष में नहीं आया जो कि बेहद निराशाजनक है। (गिल, पंत और वॉशिंगटन) उन्होंने हमें बताया कि इस पिच पर कैसी बल्लेबाजी की जानी चाहिए।

**भारत ने 29 रन पर 5 विकेट गंवाए-** न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 174 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 29 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये। कप्तान रोहित शर्मा (11), शुभमन गिल (एक), यशस्वी जायसवाल (पांच) और विराट कोहली (एक) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने ऋषभ पंत के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच 42 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में एजाज पटेल ने विल यंग के हाथों कैच जडेजा (छह) को आउट कराकर इस साझेदारी तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वॉशिंगटन सुंदर ने पंत पारी को संभाला। इस दौरान ऋषभ पंत ने अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत ने 50 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 53) रन बना लिये। न्यूजीलैंड की ओर एजाज पटेल ने छह विकेट लिये। ग्लेन फिलिप्स को तीन विकेट मिले। मैट हेनरी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**भारत ने पहली पारी में बनाए थे 263 रन-**न इससे पहले रवींद्र जडेजा और अश्विन की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 174 के स्कोर पर समेट दिया। इसी के साथ भारत को मुश्किल पिच पर मैच जीतने के लिए 147 रन बनाने का लक्ष्य मिला है। वानखेड़े की न्यूजीलैंड ने कल के 171 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। स्कोर में अभी चार रन जुड़े थे कि रवींद्र जडेजा ने आकाश दीप के हाथों एजाज पटेल (आठ) को कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी का 45.5 ओवर में 174 के स्कोर पर समापन कर दिया। दूसरे दिन भारत की पहली पारी के 263 रन के जवाब में मेहमान टीम ने नौ विकेट पर 171 रन बना लिए थे। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे। भारत ने पहली पारी में 263 रन बनाकर 28 रनों की बढ़त ली थी । रविंद्र जडेजा सर्वाधिक पांच विकेट लिये। जबकि रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट झटके। आकाश दीप और वशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला।

24 सालों के बाद भारतीय टीम को किसी टीम ने भारत में क्लीन स्वीप किया है। इ[...] पहले वर्ष 2000 में दक्षिण अफ्रीका ने [...] को क्लीन स्वीप किया था। भारत को अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय को इस सीरीज में कम से कम चार टेस्ट मैच जीतने होंगे।

### क्या बिना तैयारी के मै[...] खेलने गए थे-सचिन

क्रिकेट के 'भगवान' कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भारतीय खिलाड़ियों के अप्रोच [...] सवाल उठाए हैं। टीम इंडिया की शर्मनाक ह[...] के बाद सचिन भी गुस्से में हैं। न्यूजीलैंड ने भारत की घरेलू टेस्ट सीरीज में 3-0 से सू[...] साफ किया। भारतीय टेस्ट इतिहास में ऐसा



पहली बार हुआ है ज[...] अपने घर में टीम इं[...] का तीन मैचों की टे[...] सीरीज में सफाया हु[...] सचिन ने कड़े लहजे [...] सवाल पूछा है कि क्[...] भारतीय खिलाड़ी बि[...] प्रैक्टिस किए टेस्ट सीरीज खेल रहे थे। उन्[...] कहा है कि घर में इस शर्मनाक हार को पच[...] पाना मुश्किल है। 'घर पर 0-3 की हार को पचा पाना मुश्किल है' सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखा, ' घर पर 0[...] की हार को पचा पाना मुश्किल है. इसके क[...] का पता लगाना चाहिए. क्या तैयारी में कमी शॉट सेलेक्शन ठीक नहीं था या मैच प्रैक्टि[...] की कमी थी?' सचिन का सवाल उठाना जा[...] है. उनका अनुमान एकदम ठीक है. क्योंकि [...] इन स्टार खिलाड़ियों के पास दलीप ट्रॉफी म[...] खेलने का मौका था तब, ये छुट्टियां मना रहे [...] न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारत[...] बल्लेबाज स्पिन को सही से खेल नहीं पा रहे [...] ऐसा लग रहा था जैसे वो स्पिनर्स का सामन[...] करना भूल गए हों.

## साकेत-रामकुमार की जोड़ी ने जीता खिताब




एजेंसी □ सियोल

भारत की साकेत माइनेनी-रामकुमार रामनाथन की जोड़ी ने रविवार को फाइनल में मुकाबले में अमेरिका के वासिल किरकोव और नीदरलैंड के बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को हराकर सियोल ओपन पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने अमेरिका के वासिल किरकोव और नीदरलैंड के बार्ट स्टीवंस की जोड़ी को 6-4, 4-6, 10-3 से हराया। यह भारतीय जोड़ी का चौथा एटीपी चैलेंजर खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में साकेत मायनेनी और रामकुमार रामनाथन ने दक्षिण कोरिया के नाम जी सुंग और ग्रेट ब्रिटेन के जोशुआ पेरिस को 7(9)-6(7), 6-4 से हराया था।

वर्ल्ड टेनिस टूर मास्टर्स इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 टेनिस टूर्नामेंट आज से

## मास्टर्स टेनिस खिलाड़ी शहर में दिखाएंगे जौहर

□ इंदौर

मप्र टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित एवं एमार इंडिया तथा ऐरन ग्रुप द्वारा प्रायोजित वर्ल्ड टेनिस टूर इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में देश-विदेश के मास्टर्स टेनिस खिलाड़ी अपने जौहर दिखाएंगे। टूर्नामेंट के मुकाबले सोमवार 4 नवंबर को सुबह से प्रारंभ होंगे। विजेता खिलाड़ी को 700 आईटीएफ पाइंट प्राप्त होंगे। भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि देश व शहर में लगातार दूसरी बार खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए इन्दौर तैयार है। एक बार फिर शहर में देश-विदेश के मास्टर्स खिलाड़ी टूर्नामेंट में अपने जौहर दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि एकल व युगल वर्ग के विजेता खिलाड़ी को 700 आईटीएफ अंक हासिल होंगे। वहीं उपविजेता को 500 आईटीएफ अंक, सेमीफाइनल खेलने वाले खिलाड़ियों को 330 अंक, क्वार्टर फाइनल खेलने वालों को 210, प्री-क्वार्टर फाइनल खेलने वालों को 140 व राउंड 32 खेलने वाले खिलाड़ियों को 75 आईटीएफ अंक हासिल होंगे। टूर्नामेंट में लगभग 200 खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। टूर्नामेंट के मुख्य रैफरी श्री एंटोन डिसूजा होंगे। पुरुष वर्ग में भारत के चंद्रिल सूद को 30+ आयु वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। वहीं 35+ में मिशल जाविया (भारत), 40+ में नील चौधरी (भारत), 45+ में स्वर्णदीप सिंह ढ़ोड़ी (भारत), 50+ में नितीन कीर्तने (भारत), 55+ में पवन कपूर (भारत), 60+ में आर. नागराज, 65+ में अजीत भारद्वाज, 70+ में एजेएस चंटवाल (यूएसए), 75+ में नरेंद्र जनवेजा (भारत) को शीर्ष वरीयता प्रदान की गई है।

**आज शाम शुभारंभ-**टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर ने बताया कि टूर्नामेंट का शुभारंभ सोमवार को शाम 4 बजे इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा।



### इंदौर की हरप्रीत, मानसी व नीलम को शीर्ष वरीयता

सोमवार से शुरू हो रहे एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मास्टर्स वर्ग की महिलाएं भी अपनी दावेदारी पेश कर रही है। जिसमें 35+ आयु वर्ग में इन्दौर की हरप्रीत बाजपेयी को शीर्ष वरीयता प्राप्त हुई है। वहीं 40+ में इन्दौर की ही मानसी मजेजी, 45+ में नाजरीन रहमान (भारत) तथा 50+ आयु वर्ग में इन्दौर की नीलम चोपड़ा को शीर्ष वरीयता प्राप्त हुई है।

## चार शिक्षक राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता के बने रेफरी



□ रायबरेली

बरेली में होने वाली 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जिले के चार शिक्षकों का चयन रेफरी के रूप में किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अलग-अलग ब्लॉकों के चार शिक्षकों का राष्ट्रीय निर्णायक के रूप में चयन किया गया है है। रेफरी के रूप में चयनित होने वाले शिक्षकों में ऊंचाहार ब्लॉक के अजय कुमार वर्मा और दिलीप कुमार, राही ब्लॉक के गौरव यादव और मनोज कुमार है। बरेली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 31 टीमों व महिला वर्ग की 29 टीमों समेत देश के विभिन्न 33 राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

द्वितीय मध्य प्रदेश राज्य वेटेरंस टेबल टेनिस स्पर्धा

## नीता, कुणाल, प्रशांत एवं विपिन को खिताबी सफलता

□ इंदौर




प्रदेश वेटेरंस कमेटी के तत्वावधान में अभय प्रशाल में आयोजित द्वितीय मध्य प्रदेश राज्य वेटेरंस टेबल टेनिस स्पर्धा के फाइनल मुक़ाबलों में नीता वैष्णव, कुणाल गजभाइये, प्रशांत महंत, संजय मेहता व विपिन पंडित ने अपने अपने वर्गों में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया । फ़ाइनल मुक़ाबलों में महिला वर्ग में नीता वैष्णव (इंदौर) ने भोपाल की रिचा गुप्ता को 3-0, पुरुष वर्ग में 40+ आयु वर्ग में भोपाल के कुणाल गजभहिये ने विशाल जोशी (इंदौर) को 3 -0 , 50+ आयु वर्ग में प्रशांत महंत ने मनोज शर्मा (दोनों इंदौर) को 3-1 से, 60+ आयु वर्ग में संजय मेहता (इंदौर) ने सुहास दहीवासे (ग्वालियर) को 3-1 से , 65+ आयु वर्ग में विभिन्न पंडित ने संतोष कोशिक (दोनों इंदौर) को 3-0 से तथा पुरूष युगल वर्ग में विशाल जोशी व मनोज शर्मा की जोड़ी ने संजय मेहता व विपिन पंडित (दोनों इंदौर) को 3 -0 से हराकर स्पर्धा में ख़िताबी सफलता अर्जित की। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

## अनाहत ने जीता साल का छठा पीएसए चैलेंजर स्क्वैश खिताब

□ कॉफ्स हार्बर

भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने रविवार को जापान की अकारी मिडोरिकावा को 3-0 से हराकर कोस्टा नॉर्थ कोस्ट ओपन 2024 के महिला एकल खिताब जीत लिया। यह अनाहत का इस साल का छठा पीएसए चैलेंजर खिताब है। आज यहां खेले गये फाइनल मुकाबले में 16 साल की अनाहत सिंह ने जापान की छठी वरीयता प्राप्त अकारी मिडोरिकावा को 3-0 (11-6, 11-6, 11-7) से हराकर खिताब अपने नाम किया।



भारतीय स्क्वैश स्टार ने पूरे टूर्नामेंट में अपने दबदबे को बरकरार रखा और केवल एक ही गेम गंवाया। उन्होंने सेमीफाइनल में हांगकांग की सातवीं वरीयता प्राप्त किर्स्टी वोंग को 3-1 (11-5, 7-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, जबकि दूसरे राउंड और क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की बोबो लाम और हेलेन टांग को हराया था। पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में महिलाओं की टीम और मिश्रित युगल इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत सिंह को उनकी वरीयता के कारण पहले राउंड में बाई मिली थी। यह उनका इस वर्ष का छठा खिताब है। उल्लेखनीय है कि अनाहत सिंह ने जनवरी में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन लिटिल मास्टर्स और सीनियर टूर्नामेंट का खिताब जीता था, इसके बाद अप्रैल में हमदार्ड स्क्वैश्टर्स नॉर्दर्न स्लैम पीएसए चैलेंजर टाइटल हासिल किया। उन्होंने जून और अगस्त में क्रमशः एचसीएल स्क्वैश टूर के चेन्नई और कोलकाता लेग्स भी जीते, साथ ही अगस्त में रिलायंस पीएसए चैलेंज 3 टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम किया। उन्होंने जापान में डायनाम कप एसक्यू-क्यूब ओपन के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन चोट के कारण उन्हें मिस्र की रुकैया सलेम के खिलाफ खिताबी मुकाबले से हटना पड़ा।

## कप्तान लियाम ने अपने दमपर दिलाई इंग्लैंड को जीत

एजेंसी □ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज का दौरा कर रही इंग्लैंड की टीम ने मेजबान टीम के खिलाफ एक शानदार जीत दर्ज की है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच इस वक्त तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने सीरीज के दूसरे मुकाबले में दमदार वापसी की है और इंग्लैंड ने इस मुकाबले को 5 विकेट से जीता है। इस मुकाबले में टीम के कप्तान लियाम लिविंगस्टन ने शानदार शतक जड़ा। उनके इस शतक के कारण उनकी टीम ने 15 गेंद रहते इस मुकाबले को जीत लिया।

### कैसा रहा मैच का हाल

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 328 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 47.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 329 रन बनाए और इस मुकाबले को 5 विकेट से जीत लिया। इस मुकाबले में मिली जीत के साथ ही उनकी टीम ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। सीरीज का अगला मुकाबला 06 नवंबर को खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम करेगी।



### लिविंगस्टन की शानदार पारी

इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के कप्तानों ने शानदार पारी खेली। पहले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने 127 गेंदों पर 117 रन बनाए। इसके बाद मैच की दूसरी पारी में लियाम लिविंगस्टन का जलवा देखने को मिला। लिविंगस्टन ने इस मुकाबले में 85 गेंदों पर 124 रनों की पारी खेली और शाई होप की पारी को फीका कर दिया। लिविंगस्टन ने इस मैच में अपना अर्धशतक 60 गेंदों पर पूरा किया था, लेकिन उन्होंने अपना शतक सिर्फ 77 गेंदों पर ही पूरा कर लिया। यानी कि उन्होंने अगले 50 रन सिर्फ 17 गेंदों पर बनाए। लियाम लिविंगस्टोन को शुरू में सितंबर में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए इंग्लैंड की वनडे टीम से बाहर रखा गया था। दो महीने बाद, उन्होंने इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान के रूप में मैच जिताऊ शतक जमाकर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज को निर्णायक स्थिति तक पहुंचाया है।

## टीम इंडिया को ओमान ने भी हराया

एजेंसी □ नई दिल्ली

हांग-कांग सुपर 6 का आयोजन किया जा रहा है। जहां भारतीय टीम काफी लंबे समय के बाद हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने बेहद खराब प्रदर्शन किया और वह एक भी मुकाबल नहीं जीत सके। पाकिस्तान, यूएई, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बाद अब ओमान की टीम ने भी भारतीय टीम को हरा दिया है। टीम इंडिया इस पूरे टूर्नामेंट में अब इकलौती ऐसी टीम है जिसने एक भी मुकाबला नहीं जीता। भारतीय टीम के लिए यह काफी शर्मनाक रहा। टीम इंडिया से फैंस को काफी ज्यादा उम्मीदें थी, लेकिन उन्होंने काफी निराश किया।

भारत और ओमान के बीच खेले गए मुकाबले के बारे में बात करें तो, इस मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान रॉबिन उथप्पा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम इंडिया ने इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में तीन विकेट खोकर 119 रन बनाए। इस दौरान टीम इंडिया के कप्तान रॉबिन उथप्पा ने 13 गेंदों पर 52 रन बनाए। वहीं भारत चिपली ने 11 गेंदों पर 32 रन बनाए। लेकिन ओमान ने बिना एक भी विकेट खोए 4.2 ओवर में 120 रन बना दिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)